इस कृति के विवाद के पीछे इससे भी गंभीर मुद्दा उसकी साहित्यक स्तरीयता व अराजकता को ले कर है । अकादमी के पुरस्कार देने के नियमों के अनुसार पुरस्कार दिये जाने वाली पुस्तक का कम से कम साठ प्रतिशत हिस्सा पिछले तीन वर्षों के भीतर छपा होना चाहिये । (समय की घंटी) सर, मुझे दो मिनट दीजिये । जबकि इस कृति के 828 पेजों में से

सिर्फ 100 पेज ही पिछले तीन वर्ष के भीतर छपे हैं । बाकी हिस्से पुराने संकलनों में से लिए गए हैं व कई साल पहले छपे हैं । इतना ही नहीं तीन सदस्यीय जूरी के दो सदस्यों डा० जसबीर सिंह अहलुवालिया और प्रो० अमरीक सिंह की राय इस कृति को पुरस्कार दिये जाने के विरुद्ध थी । यह उन्होंने अपने बयानों में कबूल किया है । और साथ ही इस पुस्तक को सतही, परम्परागत शैली का माना है लेकिन उनकी मुखालफत के बाद भी जूरी की तीसरी सदस्या श्रीमती अमृता प्रीतम जो कि भाषा विशेषज्ञ के रूप में कार्यकारिणी में शामिल थी और फैसले को प्रभावित करने की स्थिति में थी इसलिए अंतिम निर्णय महबूब की पुस्तक के संबंध में रहा। श्रीमती अमृता प्रीतम का कहना है कि महबूब का नाम पहली बार उनके सामने आया और चूंकि पहले वाले संकलन बाजार में उपलब्ध नहीं थे। इसलिए पुरस्कार मिला ।

THE VICE-CHAIRMAN SHRI H. HANUMANTHAPPA): Please be brief.

श्रीमती वीणा वर्मा : यह साहित्यिक मामला है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : ठीक है लेकिन स्पेशल मेंशन में साहित्यिक मामला पूरा नहीं उठा सकते हैं ।

श्रीमती वीणा वर्मा : पूरा मामला नहीं मैं संक्षेप में उठा रही हूं ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच. हनुमनतप्पा) : एपिटोमाइज़ साहित्यिक शब्द है, इसलिए आप इसे एपिटोमाइज़ कर दीजिये ।

श्रीमती वीणा वर्मा : उनका कहना है कि उन्होंने इस किताब को पढ़ा ही नहीं । जूरी की तीसरी सदस्या श्रीमती अमृता प्रीतम जो भाषा विशेषज्ञ भी है, उनका कहना ऐसा है कि इस किताब को पढ़ा ही नहीं । सवाल यह है कि बिना पढ़े ही इस कृति को पुरस्कृत किया जाना घोर अराजकता व लापरवाही का एक नमूना है । मैं यह भी बता दूं कि सरकार इस केन्द्रीय संस्थान के लिए करोड़ों रुपयों का बजट में प्रावधान करती है और इस पुरस्कार को देने के लिए जो चयन प्रक्रिया है उसके लिए हर चीज पर पैसा खर्च किया जाता है बजट में प्रावधान किया जाता है फिर इस तरह की लापरवाही क्यों होती है? नियमों का उल्लंघन करके कैसे पुरस्कार दिया जाता है ? यह एक बहुत अफसोस का मामला है । साहित्य अकादमी के सचिव के बयान और चयन प्रक्रिया की अनियमितताओं से जाहिर हो गया है कि स्वायत्ता के नाम पर देश की अधिकांश अकादमियों में भयानक भ्रष्टाचार है और हर स्तर पर गिरावट है । मेरी सरकार से मांग है कि इस संबंध में बहुत गहरी जांच होनी चाहिए । जैसे सचिव महोदय ने कहा है कि इस नियमों की जांच करेंगे । सवाल नियमों की जांच करने का ही नहीं है । सवाल यह है कि ऐसी कृति को पुरस्कार कैसे दिया गया जो कि नियमों को पूरा नहीं करता था । सवाल यह होना चाहिये 6 बार इस नियमावली में बदलाव हुए बहुत बड़े स्तर पर जो भ्रष्टाचार और और लापरवाही है उसकी जांच होनी चाहिये । धन्यवाद ।

Recent communal riots in different parts of the country

श्री रामदास अग्रवाल (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय मैं इस विशेष उल्लेख की मारफत सदन और देश का ध्यान एक एक ऐसी समस्या की ओर आकर्षित करना चाहता हूं वह है हमारे देश में पिछले कुछ वर्षों में जातीय दंगों के संबंध में। चाहे वह सवर्णों के साथ हुए हों चाहे हमारे दलित वर्ग के लोगों के साथ हुए हों यह उस प्रांत के लिए और हमारे देश के लिए भी एक कलंक है शर्मनाक है । इसलिए मैं इस सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि इस समय हमारे देश के अंदर लगभग सभी प्रदेशों में एक ऐसा कटुता का वातावरण बन गया है और ऐसी स्थिति पैदा हो गई है हमारे समाज में जिसके कारण उसकी एकता छिन्न-भिन्न हो रही है । उसकी अखंडता विघटित हो रही है ।

[श्री राम दास अग्रवाल]

मैं निवेदन करना चाहता हूं कि मैं इस सदन में रहता हूं मैं जानता हूं हमारे माननीय सदस्यों ने कई बार इस प्रकार की जो घटनाचक्र हुए हैं जो शर्मनाक थे उन पर चर्चाएं भी की हैं। हम उन पर आन्दोलित होते हैं उद्वेलित होते हैं, गुस्सा करते हैं, चर्चा करते हैं, आलोचना करते हैं, दोषारोपण करते हैं। लेकिन मैं यह कहना चाहता हूं कि हम इन सारे घटना क्रमों के बारे में जब कभी ये चर्चा आती है तो तात्कालिक दृष्टिकोण रख कर केवल विचार करते हैं हम केवल शार्ट टर्म बेसिस पर उन पर विचार करते हैं। गम्भीरता से उस पर विचार नहीं होता अगर बिहार में दंगा हुआ तो हम कहेंगे कि लालू प्रसाद यादव की सरकार को भंग करो। उत्तर प्रदेश में यदि दंगा हुआ मुलायम सिंह जी के समय पर तो कहा जाता है कि उनकी सरकार को भंग करो। आन्ध्रा में यदि चित्तूर में दंगा होता है तो कहा जाता है कि आन्ध्र की सरकार को भंग करो। यह सब कहा जाता है इस सदन में लेकिन मैं याद दिलाना चाहता हूं कि जहां तक मुझे याद आता है आज तक इन दंगों के कारण किसी सरकार को बरखास्त नहीं किया गया है। लेकिन जब हम यह बात सदन में करते हैं उस समय हमारे मन में केवल आक्रोश रहता है लेकिन वास्तविकता को हम छिपाने का प्रयत्न करते हैं। मैं निवेदन करना चाहता हूं हमारे माननीय सांसदों से हमारे देश के अंदर जितने हमारे नेतागण हैं उनसे कि चाहे वे किसी भी पार्टी से संबंधित हों ऐसी कोई भी सरकार नहीं है कि जिसके माथे पर इसका कलंक नहीं लगा हो यदि सरकार और बाकी के लोग चाहे तो मैं पूरी फेहरिस्त दे सकता हूं कि हमारे देश के अंदर कितने जातीय दंगे किन-किन प्रांतों के अदर हुए हैं और किन-किन राज्यों में हुए हैं तथा किन-किन मुख्य मंत्रियों के काल में हुए हैं लेकिन ये सारी फेहरिस्त अभी आप के सामने रख कर समय नष्ट नहीं करना चाहता हूं। मैं एक तत्व की बात यह निवेदन करना चाहता हूं कि यदि हम अपने समाज के एकतापूर्ण ढांचे को सुरक्षित रखना चाहते हैं यदि हम अपने देश के अंदर हमारे ढांचे को सुरक्षित रखकर प्रजातंत्री व्यवस्था का और राष्ट्र की हमारी एकता को कायम रखना चाहते है तो हम इस ससद में बैठने वाले माननीय सदस्यों से मेरा निवेदन है कि हम इस सारी समस्या पर एक बड़े गम्भीर ढंग से विचार कर तनाव मुक्त हो कर विचार करें, दोषारोपण के पूर्वाग्रह भाव से मुक्त हो कर विचार करें तब जाकर शायद हम इस समस्या के तह में जा पाएगे... (समय की घंटी) मैं सिर्फ एक मिनट और लूंगा। मैं कोई आलोचनात्मक विषय नहीं कह रहा हूं। मैं केवल अपने देश के बारे में यह बात निवेदित करना चाहता हूं कि आज देश के अंदर ऐसा कटुतापूर्ण वातावरण पैदा हो गया है कि जिसके कारण हमारा गाना-बाना छिन्न-भिन्न हो रहा है। इसलिए मैं यह निवेदन करना चाहता हूं कि हम सांसदों का यह दायित्व है। हम केवल दोषारोपण करके दायित्व से मुक्त नहीं हो सकते हम केवल सरकारों को भंग करने की भांग को लेकर अपने दायित्वों से मुक्त नहीं हो सकते। हमारा दायित्व है कि हम समाज में एकता कायम करें। हमारा दायित्व है कि उन कारणों की तह में जाए कि क्यों दलितों पर सघर्ष होता है, क्यों दलितो का खून बहाया जाता है, क्यों आपस में जातीय दंगे होते हैं। इन सारी बातों को एक गम्भीर मसला समझकर उस पर विचार किया जाना चाहिए। इसमें एक ऐसा मत तैयार किया जाना चाहिए कि जो सबको मान्य हो फिर हम देश में एक ऐसा संदेश दें, हमारी संसद् और हमारा देश अपनी प्रजातंत्रीय व्यवस्था की, हमारी अपनी स्वतंत्रता की रक्षा के लिए हम एक ऐसा संदेश दें कि हमारे देश में जो कलंक का टीका बार-बार लगता है हर एक प्रदेश में लगता है तो उस टीके को किस प्रकार से धोया जा सकता है। इसके लिए मैं निवेदन करना चाहता हूं कि ऐसा सौहार्दपूर्ण वातावरण तैयार कराया जाए, ऐसी एक भावना एकता की पैदा की जाए हम सब लोग मिलकर समाज के अंदर एक ऐसी भावना पैदा करें तभी हमारा देश एक रहेगा

और हमारे देश की आजादी सुरक्षित रह सकेगी हमारा ढांचा सुरक्षित रह सकेगा। इतना निवेदन करते हुए आपने मुझे समय दिया उसके लिए धन्यवाद ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Shri Sunil Basu Ray, not there. Shri Mohammad Amin, not there. Shri Sarada Mohanty. Before, you start, I want to remind the Members that special mention'g time is only three minutes. Please, try to complete within three minutes.

Agitation by Kendriya Vidyalaya Sangathan Teachers

SHRI SARADA MOHANTY (Orissa): Mr. Vice-Chairman, Sir, it is evident from the newspapers that 35,000 teachers of 771 Kendriya Vidyalayas spread ali over the country as- also abroad have announced their decision to launch a phased agitation from 14th July 1992 under the auspices of the All-India Kendriya Vidyalaya Teachers' to press their 11-point Charter of Demands, nsmely, setting up of a new Commission on school teachers, fair repress entation to teachers on the Kendriya Vidyalaya Sangathan (KVS) and its Board of Governors, review of unjustified transfers, promotions postings, appointments and an end to victimisation of the office bearers of the AIKVTA, etc., as also a high-level probe into the affairs of the Kendriya Vidyalaya Sangathan during 1991-92.

Sir, it is learnt that though the Minister for Human Resource Development has repeatedly held that he is all ready to hold bilateral talks for the settlement of issues raised by the AIKVTA and Employees' Association he did not act upon it and hence the decision of the AIKVTA to launch the agitation.

Hence I urge upon the Minister for Human Resource Development to please hold the assured talks with the AIKVTA immediately and settle the issues so that the students of the Kendriya Vidyalayas may not suffer,

I thank you, Sir, for giving me an opportunity to have my say in this august House.

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : मैं भी इससे अपने को संबद्ध करना चाहता हूं । केंद्रीय विद्यालय के अध्यापकों का मामला बहुत ही देर से लटक रहा है । हड़ताल भी की है । उनके ऐसे बहुत से प्रश्न हैं, जिनको शीघ्रता से सुलझाया जाना चाहिए, जैसे उनका ट्रांसफर का है, स्केल का है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच हनुमन्तप्पा) : ठीक है । आप आपने अपने आप उठ कर खड़े होकर--मैं एसोसिएट कर लेता हूं । एसोसिएट करने के लिए और भी नाम हैं । आप बैठिए । . . . (व्यवधान)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : अच्छा, तो मैंने एसोसिएट कर दिया ।

SHRI J. S. RAJU (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir. I wish to bring to the notice of the Government a serious situation arising out of the strike by the teachers of the Kendriya Vidyalayas. Having failed in their attempts to impress upon the Government to accept their demands, they have begun their agitation on the 13th of July. I fail to understand the reason for the stony silence of the Government. It seems neither the Kendriya Vidyalaya Sangathan nor the Government is interested in solving the disputes without facing a strike or an agitation. The silence of the Government in the recent past has led to the strike by motor transport owners all over the country disrupting normal life, and the common man suffered the worst.

Today there is a situation wherein the career of lakhs of students is at stake because, if the Government chooses to sit on the fence, the strike will affect the students. The All-India Kendriya Vidyalaya Teachers' Assoc iation has announced that If the Go vernment fails to take steps for neg otiations by the 5th of September, it would be forced to undertake hard options.

The Government has a duty cast upon itself to have a dialogue with

[Shri J. s. Raju]

the agitating teachers. It can at least sit with them to assess the merits of thier demands and find a way out. Like employees of any other sector they also demand better ser vice conditions, which include imple mentation of recommendations of the Chattopadhyaya Commission, review of representation on the Kendriya Vidyalaya Sanagthan and its Board of Governors, re-formation of the the Transfers Committee, review of wrongful transfers and increase of internal promotion quota. Therefore, the Government would d_0 well to go in for a dialogue with them without wasting any more time.

I regret to say that the Government has not learnt anything from the past. Now this Teachers' Association is ready for bilateral talks on the matter but the Government is unwill ling for reasons best known to it. Tomorrow, after the situation becomes worse, the Government would be too willing for negotiations but the teachers might take a tougher stand.

Therefore I urge upon the Government to break ts silence and extend an invitation to the Kendriya Vidyalaya teachers for negotiations, I am sure the hon. Minister for Human Resource Development will make the best use of this opportunity to end the deadlock. Thank you, Sir.

Need, to start the construction of the proposed bridge on the Yamuna River in Allahabad

श्री सत्य प्रकाश मालवीय (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति, इलाहाबाद शहर गंगा, जमुना, सरस्वती के संगम पर बसा हुआ है और वहां पर एक बड़ा पुराना पुल है जमुना नदी पर, सड़क पुल मार्ग, जो 1894 में बना था । यह पुल सड़क मार्ग इलाहाबाद जो वहां के औद्योगिक क्षेत्र नैनी, बनारस, मिर्जापुर, बांदा जो सभी वहां से जुड़े हुए हैं और मध्य प्रदेश को रीवा सतना और दक्षिण भारत को भी जोड़ता है । जैसा कि मैंने कहा कि यह पुल 1894 में बना था, यह काफी पुराना हो चुका है तथा इसकी चौड़ाई भी काफी कम है । इसलिए पुल से आने-जाने वाले वाहनों को और पैदल लोगों को भी एक ओर यातायात रोक करके तब जाने दिया जाता है जिससे घंटों-घंटे रास्ता वहां पर अवरुद्ध रहता है । लोगों का समय बर्बाद होता है और पैट्रोल-डीजल नष्ट होता है । वर्षों से एक नए सड़क पुल मार्ग की मांग की जा रही है । मैं स्वयं भी इस विषय को कम-से-कम 15–20 बार इस सदन में उठा चका हूं । श्री राजीव गांधी जी जब प्रधान मंत्री थे 1985–86 में उस समय भी इस संबंध में वहां पर निर्माण के लिए समारोह हुआ था । फिर 7 जुलाई, 1990 को इसी पुल का एक शिलान्यास हुआ तत्कालीन प्रधान मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने किया और उत्तर प्रदेश के तत्कालीन मुख्य मंत्री श्री मुलायम सिंह यादव ने उस समारोह की अध्यक्षता की । उस समय उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण विभाग के द्वारा एक सरकारी बुलेटिन वहां पर बांटी गई थी जिसमें यह कहा गया है कि इस पुल की अनुमानित लागत मुख्य सेतु 65 करोड़ है और पहुंच मार्ग 28 करोड़ है और कुल योग इसका 93 करोड़ है । इसी बुलेटिन में यह कहा गया है :

"इस सेतु के निर्माण से संबंधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण की जा रही है और शीघ्र ही इसका निर्माण प्रारम्भ करने की तिथि से 4 वर्ष में कार्य पूर्ण करने का लक्ष्य है । उत्तर प्रदेश सरकार को इस प्रोजैक्ट जो कि 3.30 करोड रुपए की है वहन करनी है । इसकी स्वीकृति उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रदान कर दी गई है तथा धनराशि भी उपलब्ध करा दी गई है । भूमि अध्याप्ति की कार्यवाही युद्ध स्तर पर की जा रही है इस दिशा में भूमि अध्याप्ति की धारा 4/17 की कार्यवाही पूर्ण हो चुकी है । शेष कार्यवाही शीघ्र ही पूर्ण कर लेने की आशा है ।"

लेकिन मान्यवर, अभी तक कोई निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ है । 3 मार्च को फिर मैंने इस विषय को इस सदन में उठाया था तो जो जलभूतल परिवहन मंत्री श्री जगदीश टाइटलर हैं उन्होंने मुझे उत्तर यह दिया कि इस सिलसिले में सारी कार्यवाही पूरी हो रही है लेकिन चूंकि उत्तर प्रदेश सरकार ने इकरारनामा पर

दस्तखत नहीं किए इसलिए विलम्ब हो रही है । मैं उसको पढ़ना चाहूंगा :

"I have since got the matter examined. The position is that Central Government cannot accept financial liability for construction of this bridge until it is declared as 'Suitable Urban Link'. Before doing so, State Government has to enter into an agreement with the Central Government. After protracted correspondence, the draft agreement received from the Government of Uttar Pradesh was examined in consultation with the Ministry of law etc. and a copy of the finalised Urban Link Agreement has been sent to Government of Uttar Pradesh for their signatures. The signed agreement. .."

उपसभाध्यक्ष (श्री हेब. हनुमनप्पा) : वह आप यू० पी० गवर्नमेंट को भेज दीजिए ।

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA; I am concluding You please listen to me. The U. P. Government has now signed the agreement.

"The signed agreement is still awaited from Government of Uttar Pradesh. The project for construction of the bridge can be considered for sanction only after the agreement has been signed."

इसके बाद मैंने उत्तर प्रदेश के जो वर्तमान मुख्य मंत्री श्री कल्याण सिंह जी से संपर्क किया और उन्होंने मुझे बताया कि यह एग्रीमेंट है इस पर हस्ताक्षर कर दिया गया है और इसी सदन में 8 जुलाई को मैंने इस संबंध में एक सवाल किया है । तो सरकार ने खुद माना है कि,

"The project is at the appraisal stage. The agreement has now been signed by the U. P. Government."

मुझे प्रसन्नता होती यदि डा० मुरली मनोहर जोशी इस समय उपस्थित होते क्योंकि उनको इसके बारे में सारी जानकारी है । तो मैं इस सदन के माध्यम से केंद्र सरकार से इस बात का आग्रह करना चाहता हूं कि चूंकि सारी कार्यवाही पूरी हो चुकी है, उत्तर प्रदेश ने अपने दायित्व का निर्वाह कर दिया है, इसलिए अविलम्ब इलाहाबाद में यमुना नदी पर सड़क पुल के निर्माण का कार्य शुरू किया जाए, जिससे कि लोगों को जो कठिनाई है वह दूर हो सके ।

Serious Water Crisis in Uttar Pradesh as a result of low level water table

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं उत्तर प्रदेश जो सूखे से बहुत बुरी तरह से ग्रस्त है उसकी ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं, और इस सूखे की स्थिति की वजह से बहुत जबर्दस्त हाहा-कार मचा हुआ है, क्योंकि एक तो वर्षा कम हुई और वर्षा कम होने के आधार पर ऐसी स्थिति आ गई है कि कुंओं का जल-स्तर नीचे चला गया है । इसलिए पीने के पानी का संकट हो गया है ।

मैं इसकी ओर भी सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं कि 12/5 को इसी सदन में सूखे पर कालिंग अटेंशन मोशन आया था जिसमें कि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान आदि के बारे में चर्चा हुई थी । उस सिलसिले में उत्तर प्रदेश के बारे में भी माननीय मंत्री जी ने इस बात को स्वीकार किया था, कि यहां पर वर्षा बहुत कम हुई है उत्तर प्रदेश में भी, मैं उसकी ओर आपका ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं । उन्होंने कहा था :

"The districts deficient or scanty in rainfall were predominently in the States of Bihar, Gujarat, Haryana, Himachal Pradesh, Rajasthan, Uttar Pradesh."

[श्री राम नरेश यादव]

उसके साथ ही साथ उन्होंने यह कहा था :

"Delay in monsoon had affected sowing and transplantation of kharif crops, particularly in Uttar Pradesh, Bihar and Haryana."

यह स्थिति 12 मई की थी । उस समय भी उस ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर मैंने सरकार का ध्यान आकर्षित करते हुए, जानना चाहा था कि क्या प्रदेश सरकार ने केंद्र सरकार को सूखे की स्थिति से अवगत कराने का प्रयास किया है या नहीं किया है । महोदय, सारी राज्य सरकारों ने केंद्र सरकार से सहायता मांगी थी, लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार ने इस संबंध में कोई पत्र भी नहीं भेजा और जब मैंने केंद्र के मंत्रियों से यह कहा कि आप इस बारे में प्रदेश सरकार से जानकारी मंगाए तो उन्होंने यह वचन दिया था --

I will ask for a report from the Uttar Pradesh Government regarding the drought situation and the ground water status in Uttar Pradesh.

महोदय, मेरी जानकारी के अनुसार, केंद्र सरकार ने उत्तर प्रदेश की सरकार को लिखा भी था, लेकिन बहुत दुख के साथ कहना पड़ता है कि प्रदेश की सरकार वहां की जनता की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ कर रही है । वहां लोग सूखे से परेशान हैं, वर्षा न होने के कारण उनकी रोजी-रोटी का सहारा छिन रहा है, वहां के सारे गरीब किसान बहुत बुरी तरह प्रभावित हैं, गांव के किसान व गरीब शहरों की ओर भाग रहे हैं, वहां जो नहरों का पानी आ रहा था, ट्यूब वैल्स से जो कुछ पानी आ रहा था वह भी नहीं आ रहा और जहां लोगों ने खरीफ की फसल के बीज डाल भी दिए थे वह सारे-के-सारे बीज सूख गए । वहां अब कुछ नहीं बचा है और उनके खाने के लाले पड़ गए हैं । मवेशियों को चारे के लाले पड़ रहे हैं, वहां हमारे बच्चे पोलियोमाइलाइटिस का शिकार हो रहे हैं । महोदय ऐसी स्थिति पूरे प्रदेश में पैदा हो रही है, लेकिन उत्तर प्रदेश की सरकार का ध्यान उस ओर नहीं है । वह प्रदेश की गरीब जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है । उसका ध्यान तो अयोध्या की तरफ है । अयोध्या में मंदिर बनाने की तरफ है । उनके पास और कोई दूसरी नीति है ही नहीं । बस उसी को राजनीति में लाकर जिंदा रहना चाहती है । इसलिए आपके माध्यम से सरकार से मेरा निवेदन है कि प्रदेश में सूखे से जो भीषण हाहाकार मचा हुआ है, उस स्थिति की जानकारी लेकर सदन के सामने यह वक्तव्य दे और उसके पहले प्रदेश सरकार को निर्देश दे कि उत्तर प्रदेश के निवासियों और वहां के किसानों की स्थिति को ध्यान में रखते हुए वह राहत के कार्य प्रारंभ करे ।

इन्हीं शब्दों के साथ मैं चाहूंगा कि सरकार इस विषय में विशेष ध्यान दे क्योंकि यह 13 करोड़ जनता की जिंदगी का सवाल है, किसानों का सवाल है और गांवों में रहने वालों की जिंदगी का सवाल है ।

Problems of Fruit Growers

श्री महेश्वर सिंह (हिमाचल प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस विशेष उल्लेख के माध्यम से मंत्री महोदय और इस सदन के माननीय सदस्यों का ध्यान बागबानी की एक ज्वलंत समस्या की ओर दिलाना चाहूंगा ।

महोदय, आज हमारे देश में प्रति वर्ष लगभग 75 मिलियन टन फल पैदा होते हैं और हिमाचल प्रदेश जोकि फलों का प्रदेश कहलाता है, वहां इस समय लगभग 5,51,625 टन फल प्रतिवर्ष पैदा होते हैं और इस शताब्दी के अंत तक हिमाचल प्रदेश 7,56,995 टन फल पैदा करने में सक्षम हो जाएगा । लेकिन, महोदय, यह एक खेद की बात है कि आज इस कुल उत्पादन का 30 प्रतिशत मार्केटिंग का उचित प्रबंध न होने के कारण और अधिक पक जाने के कारण नष्ट हो रहा है । इसके विधान के लिए कोई प्रबंध नहीं है और किसानों को, बागवान को उसकी उपज का सही मूल्य नहीं मिल रहा है । इसलिए महोदय मैं अपने सुझाव

देना चाहूंगा कि —

आज जितने भी शीतल पेय पदार्थ उपलब्ध हैं, उनमें मात्र सिंथेटिक है जोकि स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हैं । मेरा यह सुझाव है कि यह मेंडेटरी कर दिया जाए कि आज जितने भी शीतल पेय पदार्थ हैं, उनमें कम-से-कम 20 प्रतिशत फल का रस हो ताकि वह पेय स्वास्थ्यवर्धक हो सकें, और पौष्टिक बन सकें । इसके अतिरिक्त जो फलों की पैकिंग पर या पैकिंग मैटिरियल पर एक्साइज ड्यूटी है, केंद्र सरकार उसको वे आफ करे और जितने भी चाहें वे भारत सरकार के हों या प्रादेशिक सरकारों के, जो सरकारी समारोह होते हैं, जो सरकारी समितियों की बैठकें होती हैं, उनमें कोल्ड ड्रिंक की जगह फल के रस का वितरण किया जाय ।

महोदय, यहां एक प्रश्न के उत्तर में फूड प्रोसेसिंग मंत्री महोदय ने कहा है कि देशभर में वह ढाई सौ प्रशिक्षण केंद्रों की स्थापना करने जा रहे हैं जहां कि फूड प्रोसेसिंग पर बागबानों को, किसानों को ट्रेनिंग दी जाएगी । तो मेरा सुझाव है कि ऐसे प्रशिक्षण केंद्रों में बागबानों को यह भी ट्रेनिंग दी जाए कि फल का विधायन कैसे किया जाए, उसकी पैकिंग कैसे की जाए और कैसे उसकी कैनिंग की जाय । इस प्रकार की ट्रेनिंग का भी कार्यक्रम चलाया जाय । और जितनी भी
1.00 P.M. सहकारी संस्थायें हैं जो शुद्ध फल रस के ऊपर आधारित उद्योग लगाती है उनको प्रारंभ में ही कम से कम तीस प्रतिशत सबसिडि केंद्र की सरकार की ओर से मिलनी चाहिए ।

आपने मुझे इस विशेष उल्लेख को करने का जो अवसर यहां प्रदान किया, उसके लिए, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपको आभार व्यक्त करता हूं । धन्यवाद ।

Non-availability of lite saving drugs and Increase In their prices

श्री सुन्दर सिंह भंडारी (राजस्थान) : उपसभाध्यक्ष महोदय, पिछले डेढ़ महीने से हिंदुस्तान में ज्यादातर दवाओं की दुकान पर "आऊट आफ स्टाक" का लेबल लगा हुआ है और जिसके कारण हार्ट, कैन्सर, अस्थमा और रयूमैटिक डिसिजेज की दवाइयां लोगों को नहीं मिल रही हैं । आज उसके बजाय दूसरी दवाइयां बनाई जा रही हैं । डाक्टर का भी और पेशंट का भी, सबका यह कहना है कि वह नकली दवाइयां ज्यादा हैं, असर कम करती हैं । इसलिए डाक्टर भी उनको इस बात के लिए आग्रह करते हैं कि उन असली मैडिसिन्स का इस्तेमाल करो, जो ज्यादा फायदा पहुंचा सकती हैं । लेकिन, यह दवाइयां कम संख्या में बनाई जा रही है । मैं चाहता हूं कि सरकार इस बात की जांच करे कि जानबूझकर कम संख्या में यह दवाइयां क्यों बनाई जा रही हैं ? इसकी वजह क्या है ?

उपसभाध्यक्ष महोदय, इसकी एक वजह तो यह बताई जाती है कि इसकी जो बेसिक मडिसिन है उसका इम्पोर्ट कम हो रहा है । तो सरकार इस बात की तरफ देखे कि ऐसी लाईफ सेविंग ड्रग्स, इसका जो बेसिक प्रोडक्ट है वह पर्याप्त संख्या में हिंदुस्तान में आए और दूसरा यह कि अगर ड्रग-पालिसी के कारण . . . (व्यवधान) . .

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra); Mr. Bhandari in the contrary. Government has decided that life saving drugs can be imported at official exchange rate. Government has given that permission.

श्री सुन्दर सिंह भंडारी : मुझे अफसोस इस बात का है, आपकी जानकारी उचित होगी, लेकिन सरकार यह मान चुकी है कि ऐसी दवाओं का कितना इम्पोर्ट हो रहा है या नहीं हो रहा है । इसकी सरकार के पास कोई जानकारी नहीं है । आखिर, यह भी जन-साधारण के स्वास्थ्य के लिए एक अनिवार्य भाग है । अगर जीवन रक्षक दवाइयों का बेसिक प्रोडक्ट कम आ रहा है तो इसकी वजह से प्रोडक्शन कम हो रहा है । सरकार

[श्री सुन्दर सिंह भंडारी]

को इसका भी इंतजाम करना पड़ेगा कि वह ठीक तरीके से प्रोड्यूसर को मिले । प्रोड्यूसर की एक यह शिकायत है कि इन पर ड्यूटी और लेवी इतनी मात्रा में लगी हुई है कि उनका प्रोफिट मार्जिन कम हो गया है और प्रोफिट मार्जिन कम होने की वजह से वे इनका कम उत्पादन कर रहे हैं । मैं ऐसा समझता हूं कि सरकार को यहां इण्टरवीन करना चाहिए । यह अच्छी बात है कि इंग-पालिसी को रिवाइज करने की बात चल रही है, लेकिन इस रिवीजन में केवल प्रोड्यूसर के मुनाफे का ख्याल न रखा जाए, कॉमन कंज्यूमर्स को यह चीजें सस्ते दामों पर मिलें इसकी भी व्यवस्था होनी चाहिए और जो मुश्किलात हैं इन चीजों को पैदा करने की, उनको भी दुरुस्त करने का काम करना चाहिए । धन्यवाद ।

Plight of Handloom Weavers and their Displacement

SHRI PRAGADA KOTAIAH (Andhra Pradesh): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir, for allowing me to make a special mention regarding non-implementation of reservation to the handloom sector, affecting millions of handloom weavers in the country. The handloom reservation order issued, from .time to time, since April, 1950 under the provisions of the Textile Control Order, remained only on paper arid its operation was either stayed or struck down by the courts. It is thus clear that the poor man has no place in the present set *of* things. Considering the repeated representations of the handlooms weavers for a Parliamentary legislation to enforce effectively the reservation policy, an official committee was constituted in the year 1980 consisting of senior Administrative Officers for examining the issue. The Committee unanimously recommended enactment of a legislation by Parliament for this purpose. The Government under the leadership of late Shri Rajiv Gandhi enacted the Handloom (Reservation of Articles for Production) Act in the year 1985. A notification on the Hth March, 1986 was issued under the provisions of the Act, reserving some items of cloth for handlooms. It was soon amended on 4th August 1986 allowing the powerlooms to produce a major portion of the "handloom reserved varieties". The decision was resented by handloom weavers. The then Tamil Nadu Handloom Minister stated that the decision was a deliberate design to destroy the handloom industry'. The financiers of the powerloom and mills, not satisfying themselves with the favouritism, filed a writ petition in the Supreme Court, requesting for an ex parte stay of the operation of the Handloom Reservation Act and also the notifications issued under the Act, which was granted by the Supreme Court on 30-11-1987.

In August 1990, the Janata Dal Government introduced, in both the Houses of Parliament, a Constitutional Amendment Bill for the purpose of including the Handloom Reservation Act in the IX Schedule to avoid litigation in courts. But, unfortunately, the Lok Sabha was dissolved before it was taken up.

The handloom weavers felt happy for having a Congress Government in 1991 under the dynamic dedicated and devoted leadership of Shri P. V. Nsrasimha Rao, who is a true Gan-dhian, wedded to the welfare of handloom weavers, who constitute the bulk of the weaker sections.

When I and 16 other Members of Parliament, representing seven States, went and saw our Prime Minister in March last, he was pleased to instruct the senior officers present at the meeting to take speedy steps to get the st*ay* order vacated to enable the Government to tike up legislative measures to help handloom weavers. But the matter stands where it was.

The continuance of the stay orders for nearly five years, allowing production of all handloom reserved items both by the textile mills and power mills, also allowing them to

sell a major portion of their products free of fiscal levies and the absence of control over the cost of yarn and other raw material resulting in undue increase in their prices, coup- led with allowing unrestricted ex- } ports of yarn, have adversely affected 1 the handloom industry leading to prolonged unemployment to handloom I weavers, some of whom died out of starvation and starvation-related diseases.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Kotaiahgaru, please conclude.

SHRI PRAGADA KOTAIAH: I will take only one minute more.

The handloom industry which is still an asset to this country, providing means of livelihood to more than 30 millions of our self-employed, mostly in the rural parts of the country with least assistance from the Government shall be protected and promoted in the interests of the | country., The handloom industry with its vast employment potential, but with no unions to shout slogans and make noise for embarrassing the Administration, should not be allowed to disappear as the rural economy will collapse, causing disaster to millions of our poor people, with dire consequences .

Thank you, Sir.

SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN (Tamil Nadu): Sir, I would like to associate myself with him in this matter.

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं समझता हूं कि यह मामला तो सारे सदन से सम्बन्धित है ।

उपसभाध्यक्ष (श्री हेच० हनुमनतप्पा) : इसके लिए तरीका है । आप सब्जेक्ट दीजिए, चेयरमैन से मिलिए, टाईम ले लीजिए ।

Ne»l to deelare Red Fort as a Mternum of Freedom Struggle

श्री शांति त्यागी (उत्तर प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदय, इस स्पेशल मेंशन के जरिए मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से यह आग्रह कर रहा हूं कि अगस्त क्रांति की स्वर्ण जयंती के मौके पर दिल्ली के लालकिले को वह स्वाधीनता संग्राम के नेशनल म्यूजियम के रूप में घोषित करे। यह इस स्पेशल मेंशन की मांग है । मान्यवर, अगले महीने हम अगस्त, 1942 के "अंग्रेजो भारत छोड़ो" स्वाधीनता संग्राम की स्वर्ण जयन्ती मनाने जा रहे हैं । इस उपलक्ष्य में बनायीं गयी जो राष्ट्रीय समिति है उसके अध्यक्ष माननीय प्रधान मंत्री जी हैं, यह हमारे लिए बड़े सौभाग्य की बात है । मान्यवर, इस अवसर पर सरकार से मेरा अनुरोध है कि वह लाल किले को स्वाधीनता संग्राम का राष्ट्रीय म्यूजियम घोषित करे । श्रीमन्, दिल्ली का लाल किला सदियों पुरानी भव्य निर्माणकला की एतिहासिक धरोहर तो है ही, वह इससे भी अधिक कुछ और है । यह लाल किला देश की आजादी के लिए शहीद हुए वीरों, वीरांगनाओं, स्वाधीनता सेनानियों और भारत की जनता के सपनों, आशाओं और आकांक्षाओं से सम्बद्ध रहा है । मान्यवर, सब के मन में यह विचार काम करता रहा है कि देश उस दिन सही मायने में आजाद समझा जायेगा जब लाल किले पर तिरंगा झंडा फहरेगा । जनता की इसी मनोभावना का आदर करते हुए प्रथम प्रधान मंत्री पंडित जवाहर लाल नेहरू ने लाल किले पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया ।

अंत में मैं यह कहूंगा कि जैसे माननीय सदस्यों को मालूम है कि इसी किले में बहादुरशाह जफर पर मुकदमा चलाया गया था, इसी किले में आजाद हिंद फौज के वीरों पर मुकदमा चलाया गया था । अनेक क्रांतिकारियों को लाल किले की कोठरियों में डालकर विदेशी सरकार ने यातनाएं दी थीं । इसी किले में उन स्थानों को दर्शक आज नहीं देख सकते हैं जहां ये मुकदमे चले थे और ये कांड हुए थे । इसके 80 फीसदी क्षेत्र में अब हमारी सेना के जवानों का निवास स्थान बना हुआ है । यह सब बदला

[श्री शांति त्यागी]

जाना चाहिए और रैड फोर्ट को राष्ट्रीय म्यूजियम के रूप में विकसित किया जाए, उस रूप में जिसका देश की जनता स्वागत करे और लाखों-लाख दर्शक यहां से अपने महान स्वाधीनता संग्राम की यादें लेकर लौटें ।

मुझे आशा है कि पूरा सदन इस मांग का समर्थन करेगा ।

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra) : Mr. Vice-Chairman, Sir, in this year of the Golden Jubilee of the August Kranti, We demand from the Government that the Red Fort should be declared as a National Museum. It was here that Bahadur Shah Zaffar was tried; it was here that all the heroes it the Indian National Army-Col. Dhillion, Shah Nawaz and Laxmi Bai—were tried. It was at this spot that Subhash Chandra Bose wanted to come in his march to Delhi and unfurl the tricolour at the Red Fort. It was from here that our first Prime Minister, Jawaharlal Nehru, unfurled the tricolour. But what is the condition today? There are army barracks here. The conditons are so had that you cannot visit the place where Bahadur Shah Zaffar was tried, where the heroes of INA were tried. You cannot go there. I request the Government that for a new generation, who have not seen the struggle and the sacrifices made by the people who had taken part in the freedom struggle and because of which we are free today, it is very necessary that a National Museum should be established here. From the time of the, Plassey Battle of 1757 up to the freedom., movement, that is 1947, all those scenes should be shown there.

Lastly, Sir, I had visited the Cellular Jail in Port Blair. There, you come to know about the type of tortures inflicted on the freedom fighters. There is an arrangement for sound and light show there. I am a very strong person.

मेरी आंखों में से आंसू बहुत कम गिरते है मगर यहां देखने के बाद मुझे इतना रोना आया जितना मैं जिन्दगी में कभी नहीं रोया ।

I wish that the Minister of Information and Broadcasting should issue necessary directions to make a video-cassette of that place and the sound and light show should be shown in the Red Fort so that the people of this country, particularly the new genera^ tion, can understand all this. That is why I request the Government that before 9th August 1992, they should do it.

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : महोदय, अगस्त क्रांति की जयंती के अवसर पर लाल किला, जो हमारे इतिहास की एक अप्रतिम धरोहर है जो हम) बहादुरशाह अफर की याद दिलाता है, साथ ही साथ आजाद हिंद फौज की भी याद दिलाता है, ऐसी राष्ट्रीय अप्रतिम धरोहर के लिए यह आवश्यक है कि हमारी सरकार जो 9 अगस्त को स्वर्ण जयंती के अवसर पर क्रांति दिवस माना रही है, यह सरकार उसे राष्ट्रीय स्मारक घोषित करे ताकि चिरंतन काल तक उन, लोगों की याद जिंद रहे और आने वाली पीढ़ी स्मरण कर सकें कि हमारा लाल किले का इतिहास रहा है और सब लोग इसे स्मरण रख सकें, यही मैं आपके माध्यम से सरकार से कहना चाहता हूं और त्यागी जी और देसाई जी ने जो विशेष उल्लेख के माध्यम से प्रश्न उठाया है, मैं भी उसमें अपने को सम्मिलित करता हूं । सारे सदन की यह भावना है, इससे लगाव है, देश का लगाव है, राष्ट्र का लगाव है, स्वाधीनता का लगाव है ।

THE VICE CHAIRMAN (SHRI HNUMANTHAPPA): It is •tile feeling of the whole House. I hope the Government will take note of it.

LTTE. Activities in Tamil Nadu

SHRI V. RAJAN CHELLAPPA (Tamil Nadu): Hon. Viee-chairman and esteemed Members of this. He-Use, I rise to make Special Mention on the plot to murder Dr. Jayalalitha, Chief Minister of Tamil Nadu. It is a great prilege to address this august House which was addressed by various leaflet* of the nation including Perarigha* Anna and Purat-chi Thalaivi Dr. Jayalalitha. I take this opportunity to exPress my sincere gratitude to my leader Puratchi Thalaivi for providing me a chance to be a Member of this Souse.

No one in India can forget the tragic assassination of late-Shri, Raijvji by the suicide squad of LTTE. The direct and indirect involvement of some of the political parties has resulted in LTTE spreading its' network and terrorist culture throughout Tamil Nadu, culminating in the assassination of late Shri Rajivji.

The political changes in Tamil Nadu after the formation of Government under the leadership of Puratchi Thalaivi Dr. Jayalitha has brought LTTE to run away from the soil of Tamil Nadu. Various bold initiatives were taken by our beloved leader, Puratchi Thalaivi even though she is aware of the threat to her life by LTTE. Since then, there has been a lot of evidence collected by the various intelligence agencies that LTTE" is aiming at the life of our beloved leader.

However, any frustrated organisation such as LTTE does not stop its terrorist activities and has been posing a threat to the life of our beloved leader. On a few earlier occasions the suicide squad was said to have visited Tamil Nadu for; assassinating our hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi.

Another such a frustrated attempt was recently siad to have been made by the LTTE BY *sending* a. sulclde squade comrisihg four members to Tamil Nadu from Singapore, as re-portel by the Malayanam newspaper *Chandrika* and Timil dallies. This suicide squade was said to have visited Tamil Nadu during the historic occasion of the victory cieieijra-tioris of AIADMK at Madurai ok 28th and 29th of June, 1SJ92. The members of the SuiipWequade were also said to have planned a similar huiium bomb for assassinating our beloved leader. It is also reported that the suicide squade could nol succeed in its efforts due to the elaborate, security arrangements and waves of the people present in the Conference. Hence it is a matter of grave concern that LTTE is still able to function in Tamil Nadu even after its ban in Indian by the Central Government

In view of the graveness of the situation, I request that the hon. House the various actions taken on the House the various actions taken on the political parting such as Pattali Mak-kal Katchi (PMK) led by Dr,.Rajn"ar das and Panruti Ramachandran, Dravida Munnetra' Kazhhagam (DMK) and Kamaraj Congress led by. P. Nedumaran and associations in Tamil Nadu which are directly or indirectly supporting the growth of LTTE activities in Tamil Nadu: He should also inform Us the steps proposed to be taken by the Central Government to curtail the growth of the terrorist culture and the additional security arrangements proposed to be provided to our belbved leader, Puratchi Thalaivi Dr. Jayalalitha. Thank you.

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN (Tamil Nadu): Sir, I associate tayself with Mr. Raajn Chellappa stating... (Interruption)...

THE VICE-CHAIRMAN (STETRI H. HANUMANTHAPPA): Don't provoke anyone.

i SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: I don't want to provoke anybpdy., I want to say that the threat of LTTE

to peaoe still persists in Tamil Nadu. So necessary action should be taken to contain terrorism through the mischiefs of LTTE. Another thing, I want to correct Mr. Rajan Chellappa. The party of Nedumaran is not Kama-raj Congress. It is something else. That's all.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Sir, I may be permitted to speak since my party's, name is mentioned by the hon. Member. Sir, when M.G.R. was ruling Tamil Nadu... *(.Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Don't go into the history. *(Interruptions)...*

SHRIMATI JAYANTHI NATARA-JAN (Tamil Nadu): I am on a point of order. (Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Please sit down. *(Interruptions)...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: I may kindly be permitted. When the AIADMK was ruling... (Interruptions) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You are disturbing your own Member. Why don't you sit down? *(Interruptions)...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: When the Chief Minister of Tamil Nadu had given Rs. 4-1/2 crores to by arms and ammunitions— *(Inter ruptions) ...* ,

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): Sir. these things should not go on record. *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Swaminathan, you please sit down. *(Interruptions) ...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: When you are suppressing a serious incident I may kindly be permitted to refer to that. (Interruptions)...

SHRIMATI JAYANTHI NATARA. JAN: No, no, We don't allow. *(Interruptions)...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: When he was addressing I didn't interrupt. Now, I may kindly be permitted. (Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Your own people are not permitting you. (Interruptions) ...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: During the AIADMK rule, when M.G.R. was the Chief Minister of Tamil Nadu, Rs. 4-1/2 crores were given to LTTE... *(Interruptions) ...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You don't go into the history. *(Interruptions)...* You don't go into the history. *(Interruptions)* ...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: No, Sir. Only two minutes, *(Interruptions) ...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI II. HANUMANTHAPPA): I am sorry you are misusing the permission. *(Interruptions)*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: I will tell you, Sir,... *(Interruptions)* ... I will tell you, Sir, on 14th December, 1990... *(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): I am not permitting all these.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Then I will tell you two or three sentences. More than 200 people have been arrested, that is, they are put under NSA. More than 200 families have actually been removed to special camps. (Interruptions)...

SHRIMATI JAYANTHI NATARA-JAN: Mr Padmanabha was also killed. *(Interruptions)...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: Mr. Padmanabha was killed ------- *(In terruptions)...* Miss Jayalalitha, the present Chief Minister of Tamil Nadu, ... (Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H HANUMANTHAPPA): It is okay. I will call upon the Minister now. (Interruptions)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI. The President of DMK _____ *(Interruptions)* ... That should also be taken into account. *(.Interruptions)...* I will tell you, Sir, we don't believe in violence. (Interruptions,)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You don't go into all those things. (Interruptions) ...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: We don't want violence. We don't support any violence.... *(Interruptions)* ___

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): That is all.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: I will tell you only one sentence. Kindly permit me. The point is that the DMK.... (Interruptions)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You have already said that.

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Ramachandran, nothing will go on record. *(Interruptions)...*

SHRI S. K. T. RAMACHANDRAN: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Nothing will go on record. *(Interruptions)...* Nothing is going on record.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Nothing will go on record. *(Interruptions)...* Nothing will go on record. *(Interruptions)*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): I am not permitting you. *(Interruptions)....* I am not permitting. It is over. Mr. Virumbi has already said that. *(Interruptions,)* ... Nothing is going on record. I am not allowing anything to go on record. *(Interruptions)...*

SHRI MESA R. GANESAN:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Please sit down. (Interruptions)... Please sit down. When I am standing you can not speak. (Interruptions) -------

SHRI S. MUTHU MANI:*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Muthu Mani, you please sit down. (Interruptions) ...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You have already said what you wanted to say. I have permitted you. You have said what you wanted to say. I am not permitting further. (Interruptions!)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI- *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): You have already said that. (Interruptions)... No. (*Interruptions)...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): No, no. You cannot settle your scores here. Dont use this House for that purpose. Please sit down. (Interruptions)...

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: •

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Virumbi, you please sit down. Please sit down. (Interruptions)... I am not allowing you. (Interruptions) ... I am total-

*Not recorded.

(Shri H. Hanumanthappa)

laying you. lease sit down. *(Interruptions)..,,* No, no. *(Interruptions)..* .

SHRIS. VIDUTHALAI VIRUMBI: *

THE VICE CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Your own Member ,was disturbing you. Please sit down. (Interruptions)... I am not allowing you. *(Interruptions)...*

SHRI S.K. T. RAMACHANDRAN: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr. Ramachandran, please sit down. *(Interruptions)* ... Nothing is going on record. am not allowing anything to go on record. *(Interruptions)...* No, no. Please sit down. When I am standing you should sit down. *(Interruptions)* ... Please sit down. *(Interruptions)...*

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: *

THE, VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA): Mr., Ganesan, please, sit down. (Interruptions)... Mr. Ramachandran, please sit down. *(Interruptions)...* No cross-talks. Please sit down. *(Interruptions)* _____

SHRI S, VIDUTHALAI VIRUMBI: *

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA); I am not allowing you. Please sit down. *(Interruptions)...* Nothing is going on record; No. Enough. Please.

We will now take up the Public Premises/,,(Eviction of Unauthorised Occupants), Amendment Bill, 199? Yes, Minister., No cross-talk. Mr. Viruinbi, please sit down. *(Interruptions),,* I have caUed the Minister. *(Interruptions).* Please sit down. Mr. Virumbj, you, can't disturb the House .like this. Please sit down. You.can^t disturb the proceedings of the House, *(Interruptions).* It is over, Mr.,.Virumhi, you came and approached the Chair that you wanted

*No recorded.

to say something, I have permitted and you have made your point. But your colleagues are indulging in cross-talks. *(Interruptions).* Please sit down. Will you please sit down? I have already called the Minister. Mr. Ramachandran, please sit down. Please keep quiet, *(Interruptions).* Will you listen to the Chair? You are not allowed. What you wanted to go on record, that is recorded, but not this. Please dont disturb the proceedings. Mr. Ramachandran, please sit down Don't force the Chair. *(Interruptions).* Please sit down.

THE PUBLIC PREMISES (EVICTION OK UNAUTHORISED OCCUPANTS) AMENDMENT BILL, 1992.

THE MINISTER OF URBAN DEVELOPMENT (SHRIMATI SHEILA KAUL): Sir, I beg to move:

> "That the Bill further to. amend the Public Premises (Eviction, of Unauthorised Occupants) Act, 1971, be .taken into consideration'

Sir, I rise to move in this August House amendments to the Public Premises Act, 1971for, consideration, and passing.

The Public Premises. (Eviction of Unauthorised Occupants) Act, 1971 was enacted 4o-provide for the eviction of unauthorised occupants from public premises including the premises of Government companies and those of corporations established toy Central Acts and organisations specified in the Act.

Various State Governments have approached the- Government > of India for bringing their premises situated within Delhi and other Union Territory limits also within the purview of this Act since they have been? finding-it diffcult, to, evict unauthorised occupants from their premises. The available legal provisions have been found to be very dilatory and lime-

consuming. It is proposed to accede to these requests and include the premises of State Governments situated in Delhi and other Union Territories within the definition of "Public Premises" by amending Section 2(e; of the Act.

The Government of India have also experienced difficulties in evicting temporary allottees in quest houses, hostels, tourist homes and -various other premises coming under the purview of the Central Government. Union Territories and statutory authorities including hostel accommodation' under the control of the two House Committees in Delhi.

The Government of India, therefore, after carefully examining various aspects, have proposed that summary procedure for eviction of such unauthorised occupants with a shorter notice than the existing one has to be provided to enable the Government to ensure continuous availability of such hostel accommodation and to prevent their, being unauthorisedly converted into longicerm occupancy.'A new Section (Section 3A) has, therefore, been proposed in the Bill to achieve this objective. Enabling amendments consequent to these amendments have also been proposed in Section 2 and Section 18.

I reueqst that the Bill may be passed since the objectives are unexceptionable and the amendments intents provide for better enforcement of the Act.

I now move the Bill for consideration and passing by the House,

The quesion was proposed.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI H. HANUMANTHAPPA).Now the mo-tion moved. We will eontisue dis-cussion on this BiH-after lulleh. -The House is adjourned for lunch till 2.30 p.m.

The House then adjorned for lunch *at* thirty minutes past one of the clock.

The House reassembled after lunch at thirty-three minutes past two of the clock, The Vice-Chairman (Shrimati Jayanthi Natarajan) in tne Chair.

THE PUBLIC PRESSES . (EVICTION OF UNAUTHORISED OCCIXPAN1S) AMENDMENT BILL. 1992—Contd.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): We shall now take up the PuM"* Premises (Eviction of Unauthoriesd Occupants) Amendment Bill, 1992.

श्री महेश्वर सिंह : (हिमाचल प्रदेश) : उपसभाध्यक्ष महोदया, जो पब्लिक प्रेमिसेज अमेंडमेंट बिल 1992 मंत्री महोदया ने इस माननीय सदन में चर्चा और पारित करने हेतु प्रस्तुत किया है, उस पर बोलने के लिये मैं खड़ा हुआ हू । इस विधेयक के उद्देश्यों में मंत्री महोदया ने कहा है कि आज जो प्रादेशिक सरकारें हैं, उन्होंने सरकार से आग्रह किया है कि उनकी जो सम्पत्ति आज दिल्ली और केंद्र शासित प्रदेशों में है, वह इस विधेयक की परिभाषा में नहीं आती, इसलिये उनको इस विधेयक की परिभाषा में लाने के लिये यह संशोधन अनिवार्य है । अनुच्छेद 3 में उन्होंने यह भी कहा है कि आज दिल्ली में स्थित जो सरकार के गेस्ट हाउस हैं और जो विभिन्न सांसदों की अनुशंशा पर उनके अतिथियों को कुछ समय के लिये दिये गये थ आज उनको खाली करवाना भी सरकार के लिये एक टेढ़ी खीर बन गया है । इसलिये भी यह संशोधन आवश्यक है । उन्होंने यह भी कहा है कि आज जो ऐसे भवनों को खाली करवाने की प्रक्रिया है, उसको छोटा करने की आवश्यकता है और इस समय जो इस प्रक्रिया में महीने का प्रावधान है उसको भी समाप्त करने की बात की गयी है ।

[श्री महेश्वर सिंह

जहां तक इस विधेयक को लाने के उद्देश्य का संबंध है, मैं इसका समर्थन करता हूं । लेकिन साथ ही मैं नम्र निवेदन करना चाहूंगा कि 1971 से ले कर आपके पास यह विधेयक पड़ा था, क्या इसका कभी कड़ाई से पालन किया गया ? आज यह विधेयक पारित हो जाएगा उस पर सरकार कड़ाई से पालन करने में सक्षम है या नहीं, इस पर मुझे शंका है । आज दिल्ली में सांसदों के लिए लगभग 800 बंगले और फ्लेट्स ईयरमारकड हैं और दोनों सदन के सदस्यों की संख्या कुल मिल कर के 790 से ऊपर नहीं जाती है । तो मैं यह जानना चाहूंगा कि क्या कारण है कि आज भी कई संसद सदस्य ऐसे हैं जिनको समय पर बंगला अलाट नहीं होता, फ्लैट अलाट नहीं होता । मैं आपसे माध्यम से मंत्री महोदया से यह जानना चाहूंगा कि क्या भूतपूर्व संसद सदस्य और मंत्री भी इस विधेयक की परिधि में आएंगे या नहीं आएंगे आज आर इस विधेयक का कहीं उल्लंघन हुआ है, आज अगर किसी ने नियमों का सब से ज्यादा उल्लंघन किया है तो मैं आपके माध्यम से नम्र निवेदन करना चाहूंगा कि वह उन्हीं के दल के लोग हैं । आज जो सरकारी बंगले विभिन्न राजनीतिक दलों ने जनरल पूल से कराये पर लिये हैं उनकी स्थिति भी 1990 के आंकड़े जो मेरे पास हैं, वह इस प्रकार है । लगभग 11 बंगले कांग्रेस दल के पास हैं । इन सरकारी बंगलों का जो किराया विभिन्न राजनीतिक दलों से देय था वह 8 लाख रुपये बनता था और इस आठ लाख की राशि में से केवल कांग्रेस के जिम्मे उस समय 5,85,530 रुपये बनते थे । सब से कम भारतीय जनता पार्टी के जिम्मे बनता था, केवलमात्र 185 रुपये । आज मैं समझता हूं कि शायद भारतीय जनता पार्टी के जिम्मे एक भी पैसा देय नहीं होगा । इसका श्रेय हमारी पार्टी के नेताओं को जाता है क्योंकि भारतीय जनता पार्टी एक अनुशासित दल है । इसलिए नियमों का पूरा पूरा तरीके से पालन किया जाता है । 1992 के सर्वेक्षण के अनुसार इस समय 450 ऐसे केसेज हैं जो सबलेटिंग के सरकार के ध्यान में आए से मैं यह भी जानना चाहूंगा कि ऐ सबलेटिंग के केसेज में सरकार ने आज तक क्या कार्यवाही की है ? जैसे मैं कह रहा था कि इस समय 800 बंगले और फ्लैट सांसदों के लिए और मंत्रियों के लिए जब ईयरमारकड हैं तो यह समस्या क्यों ? यहां एक प्रश्न पूछा गया था, उस प्रश्न के उत्तर में मंत्री महोदया ने कहा था कि 46 पूर्व सांसद और मंत्री ऐसे हैं जिन्होंने अवैध रूप से आज भी बंगलों पर कब्जा कर रखा है । उस लिस्ट को जब मैंने देखा तो उस में कई ऐसे नाम हैं जिनको हम भलीभांति जानते है । वह भी आज अवैध रूप से बैठे हैं । मुझे लगता है कि सरकार ने किसी न किसी बहाने से उनका वहां रहना रेगुलराइज़ कर दिया है । इसलिए यह सूची जो है केवल मात्र 46 नामों की है । हैरानी होती है कि इस सूची में ऐसे ऐसे लोग हैं जो दो वर्ष पहले भगवान को प्यारे हो गये लेकिन आज भी बंगले में रह रहे हैं । मैं जानना चाहूंगा कि क्या उनकी आत्मा उस बंगले में रह रही है या कौन लोग आज भी इन बंगलों में रह रहे हैं ? (व्यवधान)

SHRI VISHVJIT P. SINGH (Maharashtra): I take strong objection to this. He is referring to Members who have expired. And as you know,. Madam, certain Members of our party have expired and their families on compassionate grounds have been allowed to stay in their houses. This is highly unfair to level allegations against the families of Members who have expired. I take strong objection to this and suggest to the hon. Member, who is a responsible Member, to withdraw this remark,

श्री महेश्वर सिंह : मैंने किसी व्यक्ति विशेष के बारे में कोई रिमार्क नहीं किया है उपसभाध्यक्ष महोदया, मैंने यह कहा है कि जब वे लोग इस संसार में नहीं हैं और जब ये बंगल सांसदों के लिए इयरमार्कड हैं, अगर कम्पैशनेट ग्राउंड पर सरकार उनको कोई और जगह एलाट करना चाहे

तो उसका स्वागत है मुझे उस पर कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जो बंगले, जो फ्लैट सांसदों के लिए इयरमार्कड हैं उनमें सांसद ही रहने चाहिए ।

SHRI VISHVJIT P. SINGH; Madam^ the hon. Member is going further. He is poking fun at members who are deceased that they are deceased and some other people have occupied. This is very wrong. This is highly incorrect. Purely on compassionate grounds their families have been allowed to live in. Do you want to throw the widows out? Do you want to throw the little children out? Do you want to throw the families out? Till they make their alternative accommodations they won't go from there. This is very wrong.

श्री महेश्वर सिंह : मैं उन लोगों की बात कर रहा हूं जो आज भी अवैध रूप से रह रहे हैं, और यह मंत्री महोदय के जवाब में है । उन्होंने रेगुलराइज नहीं करवाया है । अवैध रूप से रह रहे हैं । मैं इस माननीय सदन में नाम नहीं लेना चाहता हूं लेकिन वे सूची में सम्मिलित हैं ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTI NATARAJAN):

श्री महेश्वर सिंह : इसके अतिरिक्त कुछ बंगलों के लिए यह कहा गया है कि कुछ लोग दिल के मरीज हैं, कोई फ्रीडम फाइटर है । फ्रीडम फाइटर को सरकार एकोमोडेशन दे, मुझे कोई आपत्ति नहीं है । सरकार भूतपूर्व सांसदों को कहीं एकोमोडेट करना चाहे, हमें कोई आपत्ति नहीं है लेकिन जब ये 800 के 800 बंगले सांसदों के लिए इयरमार्कड हैं, मंत्रियों के लिए इयरमार्कड हैं तो ऐसे लोगों को अगर सरकार आवास सुविधा देना चाहती है तो बड़ी उदारता से कहीं और जगह दे लेकिन यह उचित नहीं है कि हम लोग जो इस सदन में बैठकर कानून बनाते हैं, इस सदन से बाहर हो जाने के बाद इन कानूनों का उल्लंघन करें । इससे हम लोगों के भी उपहास का पात्र बनेंगे । आज जो इस माननीय सदन की आवास समिति है उसके सामने भी एक समस्या खड़ी है . . . (समय की घंटी)

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTI NATARAJAN): You have to conclude now.

श्री महेश्वर सिंह : मैं यह भी एक सुझाव देना चाहता हूं कि केवल मात्र यह विधेयक पारित करने से यह समस्या हल होने वाली नहीं है । इसके लिए जो विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता हैं उनको अपनी आचार संहिता में यह बात लिख देनी चाहिए कि जो सांसद, सांसद न रहने के बाद भी इस प्रकार के बंगलों में अगर अवैध कब्जा करता है तो उसके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्यवाही होगी । इन्हीं शब्दों के साथ में इस विधेयक का समर्थन करता हूं ।

SHRI VISHVJIT P. SINGH. Madam, this is a very long overdue Bill and yet, as the hon. Minister has made it clear in the Statement of Objects and Reasons, there are two very valid reasons for bringing this Bill. The first reason is the demand by the State Governments. The State Governments have lots of buildings outside the State which unfortunately get occupied over a period of time through allotment and are never vacated. It is impossible for the States under the present purview of the Public Premises Act to get those premises vacated. They have tried. The State Governments have been trying for countless years. In fact, some of the State Governments have been fighting it out right since 1948 or 1949— since the amalgamation of the princely States. Various accommodations which were within the control of the princely States were transferred to the States and those accommodations are still not vacated. They are fighting in the Courts. They have tried the Public Premises Act.

Yet, they have failed, it is only after all that, as a last resort, that they have approached the Ministry of Urban Development and asked for these special powers to be given so that they can get their properties wherever they are, vacated. This is a highly laudable objective and for this I want the whole House to be one—as we are the Council of States. This Bill is primarily meant for the States to get vacated that accommodation which is outside the respective States. It is. for that reason that this House ought to pass this Bill unanimously—just purely on this very basis. The second part is the one which refers to the guest accommodation and the honourable Member has referred only to the second part and not to the first part.

The second part refers to the guest accommodation. We are all aware, and some of us, I am sure, are guilty of it. People from our constituencies rame and ask for aecom:nodation and we allow them the accommodation and we allow them to stay on and many of us have never even checked ES to whether they have vacated those premises or not. And, Madam, I find that over the years, many units of accommodation are still with people who are not authorised. They stay there without paying any fees or rent and without any authorisation. I was shocked to see that in the Western Court, certain units have been sealed and some people have locked certain units and people have got even their cards printed as permanent residents of Western Court and also of the V. P. House! They originally got them as guest accommodation, but they have refused to leave. Therefore, I think, the Government has no other way but to take recourse to this drastic action of taking it out of the purview of the courts in order not to allow these people to misuse this accommodation which was given to them as guest aecammodation.

This far so far as the Bill is concerned. It is a very laudable Bill and, as I said, the objects are very clear. But that is not enough. 1 would like to sound a note of caution; This is not enough.

Madam, the previous speaker referred to the question of accommodation I would like to give the House certain statistics.

Out of the total accommodation available with the CPWD, under Type I, there are 13,768 units which are available and the waiting list is for 6,239 units; in Type II, 20,512 units are available and the waiting list is for 11,994; in Type III, 21,522 units are available and the waiting list is for 10,291; in Type IV, 5,114 units are available and the waiting list is for 2,586; in Type IV Special, 128 units: are available and the waiting list is for 300; in Type V, 1,938 units are available and the waiting list is for 1,857; in Type V-B, there are no units available. A special category has been created, but not even one unit is available and the waiting list is for 475; in Type VI, 503 units are available and the waiting list is for 537; in Type VII, 116 units are available and the waiting list is for 282; and in Type VIII, 97 units are available and they are occupied.

In Hostels, 1,424 double suites are available and the waiting list is for 644.

In the case of single suites with kitchen, 224 units are available and the waiting list is for 799.

In respect of single suits without kitchen, 129 units are available and the waiting list is for 138.

In the Working Girls' Hostel, 137 units are available and the waiting list is for 65.

These are the figures. It is time that the Ministry of Urban Development made some efforts to try and create some extra accommodation. This extra accommodation is highly

essential. It is not enough merely to say that the premises are not available, that there is a long waiting list, and so on. I know that, today people who are entitled to a particular type of accommodation, have to take-I am talking about Government servants— two types below their entitled type, if at all it is available, and even that is not available. Why can't you change the entitlement? If no person who is entitled to a particular type, ever gets that type of accommodation^ why don't you then reflect on the realities of the situation on the ground rather than go on some other basis and say that this will never be available? If it is not available, then change the entitlement.

The Government should make more accommodation available. Though the list looks very large, it is not that difficult. I am sure we can provide some kind of units for all. The second point that I would like to make is that it is; not enough merely to put particular categories out of the purview of the-courts. According to me, all public premises should be taken out of, the purview of the courts. This is the only way to make this legisla tion (effective. I would like to quote an example I am talking about my personal example. My grand-aunt had donated one house to a local hospital in Kapurthala. The house was donated to a hospital. It is a large property. The Punjab Government has been fighting that case since 1962. We are now in 1992. 30 years have passed. It has gone under the Public Premises Act. It has gone under every other Act. Let me tell you that the house is still not vacated. It is for charitable purposes, to set up a TB hospital. And the Punjab Government is making all the efforts. And till today that house is not vacated in spite of the best efforts of the Government. All Government premises which come within the purview of the Public Premises Act should be taken out of the purview of the court. It is only then that you will be able to make this Act really effective. Otherwise, this Act, through dilution, will not work. Thank you, Madam.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM (Uttar Pradesh): Then, what about that appeal under Section 9 of the original Act? That appeal has two stages, stay and delay. What will happen then to the summary trial?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI JAYANTHI NATARAJAN): Dr. Bapu Kaldate.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: That is exaotly what I am saying. You need to amend the Act to take it out of the purview of the court.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM; That is why I say that there is no amendment in the present Bill.:...

श्री विश्वजित पृथ्वीजित सिंह : जो आपने कहा है वही मैंने कहा है । वही तो मैं कह रहा हूं ।

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: Therefore, I suggest that they should bring another Bill. Otherwise, it will have to be amended further.

SHRI VISHVJIT P. SINGH: At the present juncture, for the limited objectives which are laid down, this present Bill is absolutely sufficient. At least, get this Bill through so that something can be done. Or, you want that nothing should be done? Let something be done. We are the representatives of the States. The States have represented. It is for that that this Bill is being brought. That is the primary objective of this Bill to get those accommodations which belong to the States vacated. It is our responsibility as Members who represent the States. This is the Council of States. Let us be alive to our responsibility. Thank you, Madam.

डा० बापू कालदाते (महाराष्ट्र) : उपसभाध्यक्ष जी, मैं सीमित दायरे की ही बात करूंगा । माननीय विश्वजित पृथ्वीजित सिंह जी उन्होंने काफी इसका परिप्रेक्ष्य बढ़ाने का सुझाव दिया, मैं उनके साथ हूं । लेकिन जहां तक इस विधेयक का सीमित दायरा है इस हद तक, मैं उद्देश्यों के हद तक इस बिल का पूरा समर्थन करता हूं और मेरे ख्याल से यह सारा सदन जिस सीमित दायरे में इस विधेयक को पेश किया है उसका समर्थन करेगा, जहां तक उद्देश्य का सवाल है, क्योंकि मैं खुद आवास समिति का अध्यक्ष रहा हूं तथा मैंने खुद आवास देखे हैं । यह टटर्न कोर्ट देखा है, नार्थ एवेन्यू देखा सरप्राईज़ चैक जिसको कहते हैं और जो मुझे दिखाई दिया उससे मुझे भी लगा कि कोई एक व्यवस्था करने की आवश्यकता है । जैसा कि मेरा अनुभव यह है कि पार्लियामेंट के मेंबर्ज़ टैंपोरेरी होते हैं, लेकिन उनके जो अतिथि होते हैं वे परमानेंट होते हैं । यह बात सही है ।...(व्यवधान)... कई जगहों पर देखा है।

Members change but the guests remain the same. लेकिन यह जिम्मेदारी हम लोगों की है Let me tell you very frankly. मैं हूं इसके लिए जिम्मेवार, आप हैं इसके लिए जिम्मेवार । अगर हम इन लोगों को कोई न कोई मिल कर उसको अतिथि बनाने के लिए अगर उनकी मदद करते हैं तो इसकी जिम्मेवारी सदन के सदस्यों की है और यह मैं नहीं चाहता कि हम उससे परे हैं । मैं हूं या नहीं, मैं नहीं हूं, यह भी मैं जानता हूं और मैं उपदेश के तौर पर नहीं कहना चाहता हूं । लेकिन सदन की गरिमा को अगर स्वस्थ रखना हो तो यह बात बिल्कुल साफ है कि सदन के सदस्य भी अपने-अपने दायरे में और नार्मस में काम करें नहीं तो ऐसा होगा कि हम यहां भाषण करके चले जाएंगे और हम ही दो-चार गेस्टों को एक्सटेंड करने का प्रयास करेंगे । मुझे लगता है कि यह बात कभी नहीं होगी क्योंकि आवास समिति का प्रमुख आपका ही मित्र या सहयोगी रहता है । आप चार लोग जाकर उसके पास बैठेंगे और कहेंगे--नहीं, नहीं, रहने दीजिए, क्या फर्क पड़ता है । मेरे ख्याल से शीला जी की हालत तो हमसे भी बुरी हो सकती है क्योंकि यहां तो राज्यसभा के लोग ही आएंगे, उनके पास तो सारे देश भर के लोग आते होंगे । मैं यह कहता हूं कि यह एक अजब स्थिति है ।

महोदय, हम वहां गए थे, हमारा फर्नीचर वहां पड़ा हुआ है । हम चाहते थे उसको बेचने की कुछ व्यवस्था करें ताकि लोग देखें और खरीद लें । तो गए नार्थ एवेन्यू । आप जाइए जरा नार्थ एवेन्यू अखबार वाले जब लिखते हैं कभी-कभी हम लोगों को गुस्सा आता है । लेकिन, लिखते सही हैं । आप जाइए नार्थ एवेन्यू । क्या वहां पीछे मैराज में टेंट हाऊस वाले नहीं रहते हैं । मैं देखकर आया हूं । बहुत लोग रहते हैं, टेण्ट हाऊस वाले रहते हैं, धोबी तो शायद किसी के सर्वेण्ट क्वार्टर वाला हो सकता है, लेकिन टेण्ट हाऊस वाले, फर्नीचर की दुकान, होटल, रेस्टोरेण्ट है । ये लोग आपके दस्तखत से ही रहते होंगे । आप बताइए, किसने दस्तखत किए हैं? कैसे रह सकते हैं वहां ? कोई न कोई मेम्बर जरूर दस्तखत करते होंगे । क्या यह हमारी जिम्मेदारी नहीं है? क्या इस सदन की गरिमा, इस संसद के सदस्यों के बारे में अखबारों में इस तरह छपकर आ जाए कि वहां रेस्टोरेंट चलता है, वहां टेंट हाऊस चलता है ? वहां और भी कुछ चलता होगा, मुझे मालूम नहीं । लेकिन, इतना तो मैंने जरूर देखा है । तो इसके लिए भले ही अगर आपको अधिकार दे भी दें तो क्या इसमें हम लोग कुछ मदद करने वाले हैं या नहीं करने वाले हैं? अगर हम लोग मदद नहीं करेंगे तो इस विधेयक से कुछ होने वाला नहीं है । सिंह जी, मैं आपको यह बात तो कह देता हूं कि यह विधेयक तो ठीक है, कानूनी तौर पर ठीक है, लेकिन करेगा कौन इसको ? यहां तक हमारे लोगों का सवाल है, हम लोगों को ही करना होगा । अगर हम लोग इस जिम्मेदारी को नहीं उठाएंगे तो आपके विधेयक का कोई असर नहीं

होगा । यह बात मैं विनम्रता के साथ, लेकिन स्पष्टता के साथ कहना चाहता हूं ।

दूसरी बात यह है कि मुझे इसमें जो डर है वह अलग है और मैंने कहा कि मैं आशंका के साथ इसका समर्थन कर रहा हूं, उद्देश्यों का करता हूं क्योंकि यह जरूरी है । एक नई फिजा अब सदनों के बीचों में, चल रही है कोर्ट में जाना । मैं सन, 1977 से इसी सदनों में रहा हूं । मैंने कभी नहीं सुना था कि लोग कोर्ट में जाते हैं, लेकिन आज आप एकमडेशन कमेटी के चेयरमैन से पूछ लीजिए कि कितने मसले कोर्ट में गए हैं । कोर्ट बेचारा क्या करेगा? स्टे देगा । आप भले निकालने का प्रयास करें, लेकिन छह महीने तो कम से कम वह रहेगा क्योंकि जब नंबर आएगा उसके मुकदमे का तभी जाएगा । कभी कोर्ट में यह नहीं हुआ कि उनकी बात मान ली गई हो, जो भी कोर्ट में गए हैं कभी फैसला उनके पक्ष में नहीं हुआ, फैसला अपने ही पक्ष में हुआ है, लेकिन जाते हैं और छह-छह महीने उसमें लगते हैं। तो यह आवश्यक है कि समरी-पावर हो। यहां तक इस विधेयक का दायरा है उद्देश्यों की हद तक ठीक है, लेकिन मुझे इसमें पक्षपात का बहुत डर है क्योंकि वास्तविकता जो है वह कांग्रेस की दृष्टि से देखी जाए या सरकार की दृष्टि से देखी जाए तो मैं यह कहता हूं कि बिल्कुल आपकी पक्षपाती है । मैं जानता हूं गेस्ट-एकमडेशन क्या है? नाम लेना अच्छा नहीं है क्योंकि हमारे मित्र लोग हैं, हमारे बहुत परम मित्र लोग हैं, मैं किसी का नाम नहीं लेता। आप देखिए जरा । आप जरा इसकी फेहरिस्त देखिए कि कौन-कौन लोग, कहां-कहां, कितने-कितने सालों से हैं? इसमें मुझे डर यह है कि आपको तो हम पावर दे चुके और अगर आप इसमें पक्षपात करने लगे तो हो सकता है कि इस दिल्ली में सिर्फ कांग्रेस वालों के रहेंगे, और किसी के नहीं रहेंगे ।

श्री ज्ञानेंद्र सिंह (असम) : सिर्फ कांग्रेस वालों के नहीं रहेंगे ।

डा० बापू कालिदास : अच्छा, वे भी जा सकते हैं । अच्छा गेस्ट उनके रहेंगे । अतिथि ही रहेंगे हमारे लिए कुछ नहीं रहेगा । लेकिन, इसमें बहुत जिम्मेदारी हम लोगों के ऊपर है । आप भले ही सरकारी पक्ष में बैठे हैं, लेकिन मैं कहता हूं कि अगर इसकी दृष्टि इस बात को देखा जाए और सांसदों के वेतन के की दृष्टि से देखा जाए तो हमारे ऊपर एक विशेष जिम्मेदारी इस कानून से आती है और हमारे जो लोग हैं, जो समितियां चलाते हैं, उनके ऊपर भी आती है । अब मैं आखिर में एक दो बातें कहना चाहता हूं । मेरे यह सुझाव हैं । एक तो यह है कि आपके जो बंगले हैं वह बहुत पुराने हैं । मुझे मालूम है कि बरसात में क्या होता है । वह सब लोग डर गये होंगे जो पुराने बंगलों में रहते हैं । क्योंकि कब क्या गिरेगा उसका कोई भरोसा नहीं । कुमारी आलिया जी अपने सदन को मेंबर थीं । बरसात में मैं उनके घर गया । एक भी कमरा नहीं था जहां वह बैठ सकती थीं । सारे कमरे पानी से भरे हुए थे ।

3.00 P.M.

श्री ईश दत्त यादव (उत्तर प्रदेश) : ऐसा मकान क्यों दिया आपने?

डा० बापू कालिदास : मैंने नहीं दिया था । मैंने जायसवाल जी को दिया है। मुझे इसलिए मालूम है कि वह क्या है।

श्री संघ प्रिय गौतम : पक्षपात कर दिया आपने।

डा० बापू कालिदास : बाबा खड़क सिंह मार्ग वाले जो फ्लेट्स हैं वह बहुत अच्छे हैं और मैं मानता हूं कि बजाय कि वह पुराने बंगले उनमें से कुछ बंगले तोड़ दीजिए और जैसे कि बाबा खड़क सिंह मार्ग पर जो आपने फ्लेट्स बनाये हैं वह अगर फ्लेट बना दें तो बहुत ही अच्छा रहेगा । इसका एक प्लान बना दीजिए कि इतने सालों में हमको यह करना है । सिर्फ नाम के वास्ते ठीक है कि बंगले में रहते हैं, स्टेट्स भी हो, सकता है, शायद मुझे मालूम नहीं लेकिन आयेगा कोई तो उसको पता सकता है,

लगेगा कि इसका कोई स्टेटस नहीं इसलिए इसको बंगला दे दिया है । ऐसी हालत सब बंगलों की है । मैं यह कह रहा हूं कि ऐसा कोई स्कीम बनानी चाहिए ताकि आयन्दा कुछ सालों में यह मकान ऐसे फ्लेट्स बन जायें और यह भी लोग सोचेंगे, मैं भी सोचूंगा कि अगर यह फ्लेट्स अच्छे हैं तो उसमें जाने का हम सब लोग प्रयास करेंगे ।

मैं एक मिसाल देता हूं । 1985 में केबिनेट ने हक फैसला किया कि पार्टियों के लोगों को मकान देना चाहिए । फैसला यह था कि छः तक देना चाहिए । अब कांग्रेस के पदाधिकारियों और पार्टियों के पास कितने बंगले हैं, जरा देख लीजिए, कम से कम 14 हैं । कोई पार्टी यहां नहीं है, मैं रिकागनाइज्ड पार्टी की बात कर रहा हूं । अगर आप ही अपने नियमों को तोड़ने लगेंगे तो शायद नियम चलेंगे नहीं ।

श्री अजीत जोगी : (मध्य प्रदेश) कांग्रेस और दूसरी पार्टी में फर्क तो बहुत है ।

डा० बापू कालदाते : वह तो हो सकता है । नियम आपने बनाये, इसलिए मैं कह रहा हूं । जो आपने नियम बनाए उसके ऊपर तो अनुपालन करो, आपसे मेरी यही मांग है । पक्षपात न हो, नहीं तो यह विधेयक बाकी लोगों के लिए एक खतरनाक विधेयक साबित हो सकता है । यह बात आप ध्यान रखकर इस विधेयक का हम समर्थन कर रहे हैं। इसके साथ भी हमारे मन में जो आशंकाएं हैं उसको ध्यान में रखते हुए अपने काम को चलाएं, इतनी ही मेरी आपसे प्रार्थना है ।

श्री संघ प्रिय गौतम : जोगी जी की बात का समर्थन करते हुए कि जितनी ज्यादा बड़ी पार्टी है उतनी खराबी ज्यादा है ।

SHRI SANTOSH KUMAR, SAHU (Orissa); Madam Vice-Chairman, keeping in view the laudable objectives of the Bill, I rise to support the Public Premises (Eviction of Unauthorised Occupants) Amendment Bill This Bill has been brought forward' as has been pointed' out by the previous speakers, following the demand from the States that this legislation which is now in vogue in relation to the Central Government properties should be extended to cover the State Government's properties also to ensure eviction of unauthorised persons. It is very good[1] that such a bold step has been taken.

While supporting this Bill, I would like to point out to the hon. Minister that we have, till now, touched only the fringe of the problem, Madam. Dehli is not just any other city. It is the Capital of India, People from, all corners of the country, from far-off places , come to Delhi for various persons for administrative reasons, for health reasons etc. We have not paid sufficient attention to the fact that no cheap accommodation is available in Delhi. People find it difficult to get cheap accommodation when they come here from different places of the country. For example, many people come to the All India Institute of Medical Sciences, which is the best in the country. If a person has to undergo- bypass surgery, he may have to stay in Delhi for months together because he does not know when the doctor will. give the date for the operotion. Similarly there are other reasons, administrative and other, for which one has to run to Delhi. There are not two opinions that unauthorised occupation must go- All the Members from different parties have said this but we must realise that Delhi, is the capital of India. People from far off distances come here for various reasons. They are in search of a cheap accommodation. They cannot afford luxury of 5-star hotels which is meant for tourists and for those who can pay lavishly. No common man can afford such a costly accommodlation. There.

fore, it is necessary that cheaper accommodation must be available lor those who are coming to Delhi to get some medical treatment, to settle their administrative matters in head offices. This aspect has to be taken into consideration by the Government

Madam, in this connection I would like to know two things. Firstly. very soon Delhi is going to have a State Legislature. The Bill has alrea dy been passed. I would like to know whether the Central Government would continue to be the evictor even after Delhi got its Statehood or whether the Delhi Administration will play the role of the evictor. It is necessary to consider this point.

Secondly, most of the hon. Members have suggested that it should be out of the purview of the court. This was necessary for expeditious action. But in the Statement of Objects and Reasons it has been said that "no appeal should be allowed against the order of eviction.. .". This is no good-It may tend to give arbitrary powers to the State Officer who is the sanctioning authority and who would also be the evicting authority. Nowhere in the world is there such a law. There is a possibility *of* the officials of the Estate Office colluding with the vested interests. We may ourselves be the victims because without our knowledge they may be allowed to stay in the guest house accommoda tion. So, this aspect of beneath-the-table may also be considered,

Let me again assert that there is a terrible population explosion in our country. People from various corners of the country are coming to Delhi. They are on the look out for a cheaper accommodation. They come here to get justice from Supreme Court, to get treatment in modem hospitals. Also, as Shri Vishvjit Singhji was saying, there is no proper accommodation for Government employees. Housing Development Scheme in Peihi has also not been successful. In view of this, there will be pressure for unauthorised occupation, there will be pressure for getting accommodation in guest houses. Therefore, we have to go deeper into the problem. It is a burning problem to provide cheaper accommodation in Delhi. Therefore, I would like to appeal to the hon. Minister to consider this. You may keep it out of the purview of the court, but you must give the right to appeal. You must create some authority. Otherwise, the sonc tioning authority, that is the Estate Officer, would be the evicting authority. It will become a quasi judicial body. From jurisprudence point of view, the executing body cannot be a judicial authority. It can never be a good law which creates all the authorities in one body. Hon. Minister'may consider this aspect. It may create problems. It may pressurise some persons. Also, some persons may get favours and some persons may be harassed by the officers of the Estate Office. You may fix a limit of 7 days. The judgement must come within 15 days. It should not take 20 years. You may not give a long rope to the unauthorised occupants, who have no proper authority to continue, i was seeing the other provisions of the Bill and I will now try only to say that now you are trying to expedite the eviction by providing for only 24 hours' notice in clause 3 of the Bill. I say that at least seven days' time should be given and that should have been the proper time-frame. If people have remained 'for 20 years, can you not afford to give them seven days' time? Let us be very reasonable and rational when we pass a Bill like this. There is no question that within 24 hours we are going to solve the problem of housing in Delhi and it is not as if we are going to solve the problem of eviction within 24 hours. So, why should we create such provisions in the law which become arbitrary under the principles of legal jurisprudence? So, let us have all the regard for them. It might be only a temporary arrangement.

[Shri Santosh Kumar Sahu] The fundamental point is, when Delhi is going to become State, it will have another law. So what is the hurry for that? Therefore, I would like this fundamental point also to be considered.

Then, when we consider that Delhi is the capital of the country, development must take place here. There must be cheap and proper accommodation for people coming from the far corners of the country for justice, for administration and for medical treatment, because all these facilities are centred round here. Nobody can deny that.

With these few words, Madam, I think, in future the Urban Development Minister will kindly consider these points and see that a bold and ambitious plan is taken up for building new guest houses and cheap an i proper accommodation because there will be pressure of people coming from different places. Thank you, Madam.

SHRI ASHIS SEN (West Bengal): Madam Vice-Chairperson, to me it appears that this is a Bill which, on the face of it, is supportable and there is not much objection to be raised. But there are certain points which need to brought before the House it self. To the purpose for which it is intended, we do not have any objection.

It is true that various State Government premises are under the occupation of people in an unauthorized manner in the Union territories. I support the idea that instead of keeping it only to the Central Government premises, Sate Government premises also are being brought within th purview of this Bill. But then, here " do support the proposals given by Shri Santosh Kumar Sahu about provision of cheap accommodation here. That will come later.

But what 1 find here is that besides the office premises—which is the primary concern of this Bill—I feel that residential premises of the Government like flats, bungalows and hostels—I think Dr. Bapu Kaldatji has also menioned about it with his experience as Chairman of the House Committee of this House—are re maining occupied in an unauthorized manner. The surprising part of it is this. Dr. Bapu Kaldateji has also mentioned it. What we find is that ex-MPs and ex-Ministers are also retaining some of these accommodations under their thumb. At the time when they were holding offices they must have requested and got some allotment, but years and years have passed by but these ex-MPs and ex-Ministers are still keeping these accommodations under their control. I am not going to mention about it. Dr. Bapu Kaldateji is quite experienced and he has given a clear picture of it —and I fully endorse it becuse I also happened to be associated with him for quite some time on the House Committee. The problem today is, I do not find that there is any difficulty so far as the new Ministers are concerned. It is the Government's responsibility and Mantriji will be trying to go out of her way to provide accommodation for them, justifiably so. But what about the MPs?

DR. BAPU KALDATE: Old people are there.

SHRI ASHIS SEN: That is why Mr. Vishvjit Singh has given figures about how many are thus occupied and how many the claimants are. I am not going into those figures, to avoid repetition. But the question which comes here is, new MPs are coming. I don't think Mantriji is taking as much care about the accommodation of the new MPs who are coming. For months together they move about and they don't get accommodation. It cannot be provided to them Plats and hostel accommodation, in the name of having guest accommodation for a few days only, are kept under the control of the allottees for weeks and months. Even we have the expe-

rience that for two-and-a-half years in the Western Court in the name of this 'MP or that Ministei or some other person like that somebody was kept there, with the result that new MPs could not get accommodation, and Ministers and MPs also who want to get an accommodation for their guests, could not get it. This is the state of affairs which perhaps cannot be reconciled with. That is why I do support certain proposals of this Bill. There are umpteen cases like this. Dr. Kaldate has already mentioned about it.

The surprising part of it is this. I happen d to be an allottee in the V.P. House. There are a number of one-room flate, two-room flats allotted to certain individuals, guests of MPs. We find that other MPs are not getting accommodation. When nominees of MPs come for their medical attention or for admission 'for any other purposes, they are not being given accommodation which can possibly be given. These rooms and flats are being used by certain people for the weak-ends or as a rendezvous. Even today this is going on. On the other side we find the other aspect. I am not going to use any other word for that. I am confining myself only to the world "rendezvous." You can interpret it.

Certain rooms are lying locked for more than a year and a half. Still such rooms ere there, flats are there It is not a question of Western Court alone. The V.P. House also has hostel accommodation. I am bringing in the question of the V. P. House. Hostel-type accommodation is there, and the position in that respect is not different.

One thing comes in here that if public premises are under the occupation of unauthorised persons, it has been said that they should be taken out of the court. It is one way of saying that if they are taken out of the court, there will be a speedy disposal of the disputes and removal of persons who are unauthorisedly occupying the premises for a long period. J am not a technical man. I do not know the law about these things. What I say is that an opportunity should be given to the person to whom notice is given ad that he can represent or appeal against what has been demanded. Though, on the basis of experience in the House Committee, I find that *pet-haps* that is not needed, natural justice demands that there should be an opportunity given to the person to represent or appeal.

Here is section 3A is given the procedure to be followed by the estate officer if he is of the opinion that any persons who ware aUottad temporary occupation of any public premises, are in unauthorised occup' ation of the said premises. We0 are giving to the executive too much power. I would like to put amend ment in this from:

> "If the estate officer finds on the basis of facts and documents, not because of his opinien alone....."

I may be prejudiced, I may be vindictive as an estate officer. That is why I say that on the basis of facts and documents if he feels that any person is in unauthorised occupation off some premises, then, he should be evicted under the procedure that has been laid down therein. Bight. Why I feel so is that there is another point also. The Bill may be put through. But the power has to be given to the estate officer to evict such occupants by use of force. I do not know what the Minister has in her mind about this. On page 3 of the Bill it is stated that the estate officer can use such force as may be necessary. If this is not clearly explained here, then, the estate officer can take the responsibility of doing the job of a Police officer Police officers use several types of degrees for getting certain things

[Shri Ashish Sea]

done. Such an event may develop here. We should take care that this does not happen. (*Time bell rings).* Another Member of the House Committee,; Sahu Ji, has also, spoken about it. People are coming here. Why should the Minister not please consider providing cheap accommodation in -Delhi? People will be coming herer for medical-aid or for other purposes. If some modernised *Dharmshalas* are provided, the people coming- to Delhi -will not become a victim of big hotels,- Why do we need so many five-star hotels? For Olympics it was done. It was quite all right. I am not disputing that point. But there is a need for construction of very many cheap accommodation and improved varieties of *Dharmshalas* in large numbers. If if is done, the Minister will be doing a good service to the people and they will be blessing her for this facility. I do not want to. talk much about it any further, but what I want to say is this. Mr. Vi'zol, the ex-Chief Minister of Nagaland has been here for the past three months. I enquired" where he was staying. 1 came to know that for the past three months he has been here,, but he has not yet been allotted any bunglow. He is roaming about in the city of Delhi, but he does not have an *accom-mocation*. He is an ex-Chief Minister of a "State." I think the hon. Minister will kindly look into it. incidental-' lyothugh it may not be directly re-":' levant hete, yet I would like to refer to a- case of the State I come from In the-city of Calcutta, I find very many'"-Central Goverment offices are located. I' am hot saying some people should be evicted from there. What I say is that the Calcutta Municipal Corporation has repeatdly made appeals to the Central Government that at least taxes due from these buildings for occupaion by them should be paid. If the Minister takes care of that, the Calcutta Municipal Corporation Mayor will be happy for getting crores and crores of rupees of outstanding dues. Because it is the Coun-cil of the States and I am a Member from that State, I feel some problem of my State I should bring to the notice of the House, apart 'from the other things under the Bill on which I have already spoken,

श्री ईश दत्त यादव : मैडम सरकारी स्थान (अप्राधिकृत अधिभोगियों की बेदखली) संशोधन विधेयक 1992 जो प्रस्तुत किया गया है मैं उसके विरोध में नहीं हूं बल्कि मैं इसका समर्थन करता हू। लेकिन यह कानून बहुत पुराना है। सन् 1971 में यह पास किया गया था और कानून बना था। थोड़ा सा परिभाषाओं में और कुछ प्रावधानों में संशोधन किया जा रहा है कि राज्य सरकारों के दिल्ली में और केन्द्र शासित प्रदेशों में जो भवन हैं उनमें अनधिकृत रूप से जो लोग रहते हैं उनको बेदखली के लिए सरसरीतौर से कारवाई की जायेगी, इस तरह का संशोधन किया जा रहा है। लेकिन यह जो संशोधन किया जा रहा है इसमें कोई सख्ती नहीं है, कोई फोंस नहीं है, ऐसी मेरी मान्यता है। क्योंकि यह पुराना कानून 1971 का है और अब जो संशोधन किया जा रहा है ये दोनों भले आदमी के लिए है, शरीफ आदमी के लिए है, कमजोर आदमी के लिए है। जो बड़ा आदमी है, जो प्रभावशाली है, जनबल में मजबूत है उसके लिए यह कानून कुछ नहीं कर सकता। दूसरे इस संबंध में निवेदन यह है कि जो अधिकारी है या मंत्री है, माननीय शीला कौल जी से मेरा मतलब नहीं हू उनके स्थान पर जो भी मंत्री रहे हों या जो रहेगा, चाहे जिस दल का हों, उसकी नियत पर निर्भर करता। मैं बहुत विस्तार में नहीं जाना चाहता।

श्री सघ प्रिय गौतम : एक मंत्री बेस्टन कोट में भी रहा था।

श्री ईश दत्त यादव : मंत्री के विपक्ष के लोगों के लिए आदेश होते हैं कि आप तीन दिन में भवन खाली कर दीजिए और जो सरकारी पक्ष के हैं उनके लिए एक साल तक। उसके पीछे कभी पत्नी बीमार है तो कभी बच्चे की शिक्षा है, इस तरह के अनेक कारण हैं। मैं निवेदन

कर रहा था कि इस कानून का न कभी गहराई से पालन हुआ और न मुझे सम्भावना है कि इसका गहराई से पालन हो सकेगा। अगर माननीय मंत्री जी या इनके बाद जो भी मंत्री रहे जिस भी दल का हो, अगर इस कानून का गहराई से पालन करें तब तो इसका कोई लाभ हो सकता है। महोदया दूसरी चीज मैं यह कहना चाहता हूं कि पूरा सदन जानता है कानून के जानकार लोग हैं, आप भी हाई कोर्ट की अधिवक्ता हैं और मैंने सुना है कि योग्य अधिवक्ता है. इस कानून से लाभ क्या होगा? संविधान का जो अनुच्छेद 226 है बेदखली की कार्यवाही करने से पहले ही जो आदमी अनधिकृत रूप से रह रहा है वह हाई कोर्ट में चला जाता है और स्टे ले लेता है, सिविल कोर्ट में पहले चला जाता है और स्थगन आदेश ले लेता है तो फिर क्या होगा? यह पूरा बिल मैं देख नहीं पाया हूं लेकिन जो कुछ देख पाया हूं उसमें मैंने कहीं भी यह नहीं पाया है कि सिविल कोर्ट का जुरिसडिक्शन बार करेगा। हाई कोर्ट का तो संविधान संशोधन आप कर नहीं सकते हैं आर्टिकल 226 में रोक नहीं लगा सकते हैं। इसलिए इस कानून का कोई लाभ होने वाला नहीं है। इसलिए मैं आपके माध्यम से मंत्री जी से और सरकार से आग्रह करूंगा कि सरकार इस पर गम्भीरतापूर्वक विचार करे और जो कानूनी अड़ंगे आने वाले हैं कानूनी बाधायें आने वाली हैं, उन बाधाओं का निराकरण करके सरसरी तौर पर आप किस तरीके से बेदखली की कार्यवाही कर सकेंगे। अगर आप गम्भीरता से नहीं सोचेंगे और कानून में फिर संशोधन नहीं करेंगे तो इस संशोधन से मेरी राय में कोई लाभ होने वाला नहीं है।

दूसरी बात मैं यह निवेदन करना चाहता था कि हमारे माननीय पूर्व वक्ताओं ने कहा कि हमारे गेस्ट्स रहते हैं। यह ठीक है कि माननीय सदस्यों के गेस्ट्स रहते हैं। प्रोबलम्स हैं। इसके लिए माननीय मंत्री जी से मेरा अनुरोध है कि आप कुछ भवनों का विस्तार कराइये कुछ राज्य सरकारों को भी प्रोत्साहित कीजिये कि वे दिल्ली में कुछ अपने भवन बना सकें। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूं। उत्तर प्रदेश के दो भवन यहां पर हैं और तीसरा भवन बन रहा है। लेकिन हमारे उत्तर प्रदेश के जो एम० एल०एज० हैं, हमारे जो अधिकारी हैं या नव-निर्वाचित संसद सदस्य हैं उनको स्थान नहीं मिलता है। उसका कारण यह है कि कमरों की कमी है। दूसरी बात यह है कि आज ही माननीय मंत्री जी अपने आदेश से जांच करवायें या प्रदेश सरकारों से जांच करवायें तो उन्हें पता चलेगा कि उत्तर प्रदेश भवन में अनधिकृत रूप से सालों से लोग पड़े हुए हैं। वे न तो एम० एल० ए हैं और न ही एम. पी. हैं और न ही आई. ए. एस. या आई० पी० एस. अधिकारी हैं। उनको कोई बेदखल करने वाला नहीं है। इसलिए मैंने शुरू में कहा कि यह सरकार के और अधिकारियों की नियत पर निर्भर करता है कि कौन आदमी अनधिकृत व्यक्ति है और किसको निकाला जाय और किस को नहीं निकाला जाय। इस मामले पर आपको गम्भीरता से विचार करना चाहिए और जैसा मैंने निवेदन किया माननीया मंत्री जी कुछ भवनों का विस्तार करायें। आपके पास वेस्टर्न कोर्ट और वी० पी० हाउसेज हैं। लेकिन फिर भी जगह नहीं है। मेरे जनपद से माननीय सदस्य श्री मोहम्मद मसूद साहब इस सदन में निर्वाचित होकर आये है। हफ्तों तक हमने प्रयास किया, उनको यू०पी० भवन में जगह नहीं मिली। बहुत प्रयास करने के बाद मैं हाउस कमेटी के चेयरमैन महोदय को धन्यवाद देता हूं उनको 12 नम्बर का कमरा मिला। लेकिन वह कमरा ऐसा है कि उसमें आदमी तो क्या जानवर भी नहीं रह सकता है। यह कमरा उनको एलाट किया गया है। वह सदन के सम्मानित सदस्य है। उनको वेस्टर्न कोर्ट में 12 नम्बर कमरा मिला है....(व्यवधान)। महोदया जब आप वहां रहती थीं तो तब उसकी रौनक दूसरी थी। दो साल के बाद उसकी रौनक खत्म हो गई है। वह कमरा

[श्री ईश दत्त यादव]

रहने लायक नहीं रह गया है। आज भी मैं उनके साथ हाउस कमेटी के चेयरमैन साहब के पास गये। हमने प्रयास किया कि उत्तर प्रदेश भवन में उनको एक कमरा दिलवा दिया जाय। उन्होंने आश्वासन दिया और अपने अधिकारी को निर्देश भी दिया। मुझे विश्वास है कि उनके प्रयास से उत्तर प्रदेश भवन में शायद —मैं शायद कह रहा हूं—उनको कमरा मिल जाये, वरना उनको उसी में रहना पड़ेगा। इसीलिए मैंने निवदन किया कि आप विस्तार करवायें। मैं आप के माध्यम से माननीय मंत्री महोदया और भारत सरकार से अनुरोध करता हूं कि इस तरह की समस्यायें, जिनका जिक्र हमारे माननीय वक्ताओं ने किया है तो ऐसी समस्यायें किस वजह से पैदा होती हैं ? एक तो यह समस्या पैदा होती है भूत-पूर्व सांसदों के कारण... (समय की घंटी)...

मैं अपनी बात दो मिनट में समाप्त कर रहा हूं।

एक तो भूतपूर्व सांसदों की वजह से यह समस्या पैदा हो जाती है। मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री महोदया और सरकार से मांग करूंगा कि आप इस तरह की व्यवस्था करें जो वर्तमान सांसद् हैं और जो दिल्ली में मकान लेना चाहें उसके लिए दिल्ली में एक छोटा सा भू-खंड और कोई छोटा सा मकान, आपके फ्लैट्स जो बनते हैं, वे, उनको आसान किस्तों पर अलाट करवाइये ताकि वे उ को पांच सालों में, दो सालों में परचेज कर दें, इसी प्रकार की व्यवस्था आप पत्रकारों के लिए भी कर दे, भूतपूर्व सैनिकों के लिए कर दे स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के लिए कर दें। और भी बहुत लोग हैं, दिल्ली बहुत बड़ी हो गयी है और अब इसकी करोड़ की जनसंख्या होने जा रही है। सब के लिये तो आप व्यवस्था नहीं कर सकते हैं। लेकिन जो विशिष्ठ लोग हैं, जिनकी वजह से दिल्ली में आप को बेदखल की कार्यवाही की नौबत आती है, उनके लिए ऐसी व्यवस्था कीजिए। साधारण आदमी को तो आपका सिपाही जब चाहे उसका सामान बाहर फेंक देगा। लेकिन भूतपूर्व सांसद्, भूतपूर्व सैनिक और स्वतंत्रता संग्राम सैनानी और पत्रकार, अगर इनके साथ ऐसा होगा तो अखबार में छाप देगें। हम अगर भूतपूर्व हो गए तो क्योंकि हमें लड़ाई लड़ने का अनुभव हो गया है इसलिए लड़ाई लड़ेंगे। इसलिए मेरी सरकार से प्रार्थना है कि सरकार दिल्ली में सांसदों के लिए, पत्रकारों के लिए, भूतपूर्व सैनिकों के लिए और स्वतंत्रता संग्राम के सैनानियों के लिए छोटे भूखंड आवंटित करें, फ्लैट् आवंटित करें और उनको यह आसान किस्तों पर दे। अगर आप ऐसा करेंगे तो इस समस्या का निराकरण हो सकेगा और यह समस्या गंभीर नहीं हो सकेगी।

इन शब्दों के साथ इस बिल का समर्थन करते हुए मैं आप से अनुरोध करना चाहता हूं और मुझे विश्वास है कि आप इस पर कड़ाई से पालन करेंगीं। मैं आप को कोई शिकायत नहीं करना चाहता लेकिन मेरी जानकारी में आया है कि सत्ता पक्ष के लिए आप का दिल जो है वह बड़ा नरम है लेकिन विरोधियों के लिए थोड़ा कड़ा है। उनको आप तीन दिन में हटा देती हैं। लेकिन जो सत्ता पक्ष के हैं उनकी औरत की बीमारी और बच्चों के स्कूल के कारण उन पर रियायत कर देती हैं। मैं एक छोटा सा आपसे अनुरोध करूंगा। शायद आपको आंकड़ें मिल जाये। आप अपने उत्तर में बतलायेगा कि कितने लोग ऐसे हैं जिन्होंने खाली नहीं किया है और उनमें किस-किस दल के लोग कितने दिन से वहां पड़े हैं ?

इन शब्दों के साथ मैं आप को बहुत बहुत धन्यवाद देता हूं जो आप ने मुझे इस पर बोलने का समय दिया।

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): Madam Vice-Chairman, I rise to support the Bill. I appreciate

the intention of the Government in bringing this Bill, firstly, to help the State Governments' to evict the tenants from their allotments in Delhi and secondly, to amend the existing provisions So as to evict persons from unlawful possession of Government buildings. Madam, there are provisions existing to evict persons from unlawful possession of Government buildings. It has been noted in certain cases that it is not only the law which is standing against evictions but the will of the Government to evict such persons is also not there. And sometimes, when there are two similar cases, against one person action is taken and against the other action is not taken, for Varous reasons. Wtahever may be the provisions available under the Act, the Government should also see to it that they are implemented properly. Without proper implementation, making the Act more and more stringent will not be of any use.

Regarding guest accommodation, I happened to read a House Committee report. The House Committee investigated the whole matter as to how many people were living in the Western Court and other places. And I hope, this Bill, after it is passed, will be able to help the Government to see that these people are evicted.

One point which I want to mention is regarding the allotment of ser. vant quarters. Many of these public buildings are given to Members of Parliament and Government Officers and then servant quarters are also attached to these buildings. In a bungalow, there may be two, three, four or sometimes five servant quarters. When an M. P. or an officer is allotted a particular building, he gets in some 'servants for the work to be done in his bungalow and when a servant comes there—a house-maid or a servant—to work in the house, they do work in the house for some time. There are a certain set of people who are always hankering for getting the accommodation of the M. Ps quarters especially, and also government officers quarters. After they come there and stay there for some time, they cease to work. They occupy the house, continue to be there but cease to work in the bungalow and when we want them to go out of the bungalow, they refuse to go out also. Now, what happens is that an M.P. remains in the bungalow for a period of five years or six years, depending upon the tenure of the Member. The servant is there and from one house of the M. P, he goes to another house of the M. P. This is what is happenng here and no action could be taken. A similar case has also happened with me. A maid-servant was put in the servant quarter, She worked for some time. Later on, she married for a second time and refused to work in the House. When I asked her to go out of the servant quarter, she refused to go and got in more and more people there and created a lot of problem for us. I took up the matter at the Rajya Sabha Secretariat level. They say that no action can be taken because I as an M. P., got a servant in my servant quarter and before I get a servant, I should have carefully analysed whether that servant will be all right or not. Sometimes, it may not be possible for an M.P. from Tamil Nadu or from Kerala to verify all these things. When they get a servant, they may not know how the servant will behave afterwards, especially after getting a second husband, most probably, all the people are coming and we may not know that she will get herself married again. This kind of situations come and no action can be taken by MPs. Still, it is continuing.

Then, another course of action was suggested that this- matter can be reported to the police that they are unauthorised persons and since they are unauthorised persons, they can be evicted by the police. When such a move is made to the police, the

[Shri G. Swaminathan] police say, it is a matter of civil nature and they will not interfere in getting the servant out and we should make some arrangements of our own. Now, an M.P. is not a legal owner of the house and when he lets out a servant quarter, he cannot legally move in the matter because he himself is a tenant and he has given that portion of the servant quarters to somebody else. When we report to the police, they feel, it is between the landlord and the tenant even though we are not the regular landlord. They say this matter is of a civil nature and they will not interfere and take any suitable action in this matter. This seems to be a regular lacuna which many of the MPs have told me and for the servants lo go away you have to use muscle power and then you have to see that they go out of the house. This is the position. I would request the hon. Minister to find a way out for this thing.

Before I conclude, I wish to make only one or two points. One thing is about the old bungalows. I am living in one such old bungalow in Canning Lane. Most probably, it must have been 100 year* old or 150 years old and is in a dilapidated condition. It hag got about half acre area, it has a big garden. Everything is there. But these bungalows on some of the roads like Canning Lane are so old that they have be- come dilapidated. Recently when I got re-elected to Rajya Sabha, my wife asked me, "why can't you see and try to find out some other good house?" Yesterday I went about seeing many houses to find out whether I could request the hon. Chairman of the House Committee to get another house for me. When I went out to. so many places, I am now convinced that my present place is better and it is not worse than most of the bungalows I have seen.

Almost all the bungalows which I was able to see except the Ministers bungalows or the bungalow- of the Chairman of the House Committee— these bungalows are done up well— are in a bad shape and I would request the hon. Minister to appoint a Committee of Members of Parliament—for Rajya Sabha Pool, a Committee consisting of Members of Rajya Sabha and for Lok Sabha, a Committee consisting of Members of Lok Sabha—to find out the facts to *go* about and see ali the bungalows, now bad a condition tney are m. And they have to be rectified. At least some urgent action has to be taken. Ordinary repairs will not do. Urgent action lias to be taken to see that tnese bungalows are properly kept. 1 may also incidentally mention that ihe service of the CPWD is very bad, they are not timely, they are also not doing their work propertly. This matter has also to be looked into.

And only .one word regarding the Baba Kharag Singh Marg. Some Member has said—i don't know if it is Bapu Kaidate or somebody else— that these Baba Kharag Singh Marg flats were built recently. Yesterday I happened to go there and 1 saw the flats. Some of my relatives are living in flats in Madras, constructed by private builders. Those flats are so nicely built that you don't feel that you are living in a flat. I don't know who gave you the plans for these Baba Kharag Singh Marg flats. It is all something like a vestibule. Some of our hon. Members had been there. . . *(Interruption)* .. .1 don't want to tell their names. Some of the hon. Members told me. These flats were built six years ago when I came. Some hon. Members of the House immediately got some accom- modation and went there and many of these Members who were allotted the Baba Kaharag Singh Marg flats vacated the flats and went to some other place— I don't know whether they got better houses and went or they could not live in Baba Kharag Singh Marg flats.

Another thing, the structure and architectural construction of the flats

is no good. There is no washing area lor utensils and clothes. We went yesterday—I just wanted to know, my wife also came with me—to see where the washing area is for utensils, the person who was . living in flat said, "You have to wash your utensils only in the wash-basin." Madam, in Indian conditions we don'i have place where we can wash our utensns. Our wash-basins. are so small. They are not so big as we see in other countries. There is no washing area for clothes also. This is the condition of these Baba Kharag Singh Marg f*lats... (Interruption)* .. . No, I don't want to mention names— Perhaps, she got a better house and went or she didn't like the palce; I don't know what the reason is. I would only request the hon. Minister, "If you go in for flat construction, better consult god architects and see that you construct according to the needs of the people who live there. It should be constructed in such a manner. It has got big rooms; four bedroom's are there. Everything is there, but the construction is not useful . I would request the hon . Minis- . tar to take this into consideration when she goes in for further construction of flats instead of houses for Members of Parliament, Thank you.

श्री मोहम्मद खलीलुर रहमान (आन्ध्र प्रदेश) : मैडम वाइस चेयरमैन, द पब्लिक प्रेमिसेज (इविक्शन आफ अनअथराइज्ड आक्यूभैंट्स) अमेंडमेंट बिल, 1992 की मैं ताईद करता हूं कि इस वजह से यह कानूनी जरूरत है और मौजदा हालत में बहुत जरूरी है कि यह बिल पास किया जाए मगर मैं आनरेबुल मिनिस्टर से पूछना चाहूंगा कि पानी सिर से ऊंचा होने के बाद आप यह बिल लाई हैं ।

SHRI M. A. BABY: Sir, similarly-one more points—the callous way in which the murderers of Neogy were allowed to escape, is a very important, crucial issue behind the whole development. The State Government itself which now stands accused of having perpetrated this murder, coldblooded murder of the workers, has helped murders of the leader of the workers, Shanker Guha Neogy. What steps is the Central Government proposing to take with regard to this particular case where the murderer of a trade-union leader is being protected by the State Government? Though, under popular pressure one culprit was arrested, under surreptitious circumstances he ecaped from the jail. What step would the Central Government like to take with regard to the murder of Shanker Guha Neogy?

Thank you very much, Sir.

श्री कैलाश नारायण सारंग: उप-सभाध्यक्ष जी, गृहमंत्री जी द्वारा दिया गया वक्तव्य मैं बड़े गौर से सुन रहा था । हमारे बेबी साहब जो बोल रहे थे वह भी मैं बड़े गौर से सुन रहा था । भिलाई में जो यह दुखद घटना हुई है, वास्तव में उससे हम सब दुखी हैं, निहत्थे मजदूरों की उसमें मृत्यु हुई है उस पर सबको दुख है । परंतु, ऐसी कौन सी

परिस्थितियां थीं ऐसे कौन से हालात थे जिनके कारण यह स्थिति बनी और इसके लिए कौन जिम्मेदार है ? ... (व्यवधान) ...

[The Vice-Chairman (Shri M. A. BABY) in the Chair]

एक माननीय सदस्य : भाजपा ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : हां उसी का भजन करो, तर जाओगे । भाजपा, भाजपा बोलते जाओ । पूरे स्टेटमेंट को पढ़ने के बाद, सवाल यह है ... (व्यवधान) ...

श्री मोहम्मद सलीम : उपसभाध्यक्ष महोदय, व्यवस्था का सवाल है : After the Minister has read out the statement, hon. Members are free to seek clarifications. My question is whether the Member is seeking clarifications or explaining the position of the Madhya Pradesh Government.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : अभी उन्होंने आधा घंटा पूछा है । ... (व्यवधान) ...

श्री मोहम्मद सलीम : सवाल यह नहीं है, आधे घंटे के बजाय चार घंटे वह सवाल पूछें, लेकिन किस स्थिति में गोली चली थी, He is not here to defend the State Government.

SHRI KRISHAN LAL SHARMA: You are here to charge the State Gov. ernment: we are here to defend It.

श्री अमरतराय देवशंकर दवे (गुजरात) : यह स्टेटमेंट में नहीं है, इसलिए पूछ रहे हैं यह ।

श्री मोहम्मद सलीम : स्टेटमेंट में जो नहीं है वह आप सफाई कर रहे हैं ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : उपसभाध्यक्ष महोदय, हमारे मित्र की इस दलील पर मुझे एक उर्दू का शेर याद आ गया—

जुनका दौर है किस किस को जाएं समझाने ।
यहां भी अकल के दुश्मन हैं वहां भी दीवाने ।

श्री मोहम्मद सलीम : आपने ऐसे काम किए ही क्या ?

[illegible] : [illegible]

श्री अजीत जोगी : इस दर्दनाक घटना पर आपको ऐसे शेर याद आ, रहे हैं ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : उपसभाध्यक्ष महोदय, यह सच्चाई जो है उस पर पर्दा डालने की कोशिश न करें, जरा गौर से सुनें, जरा दिल थामकर सुनें । जिन परिस्थितियों में यह घटनाक्रम हुआ, उपसभाध्यक्ष महोदय, वास्तव में समझौता होने की स्थिति बन चुकी थी ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : (बिहार) : ठेकेदारों के दलालों के साथ ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : एक जुलाई को फाइनल समझौते पर हस्ताक्षर होने वाले थे । 9 मांगों में से 8 मांगे मान ली गयी । मेरा प्रश्न है, मैं जो बातें कहना चाहता हूं जिनको इस स्टेटमेंट में नहीं लिया गया है ।

श्री अजीत जोगी : इस स्टेटमेंट में हैं ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : बात. सुनो, क्यों घबड़ा रहे हो, क्यों परेशान हो रहे हो । जरा धैर्य रखो 9 मांगों में से 8 मांगें मान ली गयी थीं । एक तारीख को बारह बजे के बाद इस समझौते पर हस्ताक्षर होने वाले थे । मध्य प्रदेश के उद्योग मंत्री उसके तीन दिन पहले वहां रहे । सारी बातों की चर्चा

श्री कैलाश नारायण सारंग

करके मजदूरों और उद्योगपतियों के बीच में समझौता होने वाला था । एक तारीख को समझौते पर हस्ताक्षर करने के बजाय बिना किसी सूचना के आचानक धरना देने की घोषणा हो गई । उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं कहना चाहता हूं कि तीन हजार, चार हजार मजदूर, भिलाई आपने देखी है, वहां रेल पटरियों पर जाकर बैठ गए । उनमें तीन सौ, चार सौ महिलायें भी थीं । लेकिन मैं पूछना हूं कि शांतिपूर्ण . . . (**व्यवधान**)

श्री अजीत जोगी : स्टेटमेंट में लिखा है ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : सुनते जाइये । यह नहीं लिखा है । जरा सुनिए । मैं यह पूछता हूं कि शांति पूर्ण धरना देने वाले मजदूरों के सिर पर हेलमेट लगे हुए मैं, उनके हाथों में डंडे मैं । यह मैं प्रश्न पूछना चाहता हूं । इस सत्य को क्यों नकारना चाहते हैं । मुक्ति मोर्चे की ऐंबुलेंस वहां खड़ी की गयी थी और कुछ लोग तमाशबीन के रूप में प्रशासन से झगड़ा करने के लिए, लड़ाई लड़ने के लिए एक तरफ खड़े किए गए थे । इतना ही नहीं, सारी ट्रेन रोकदी गयी ।

श्री अजीत जोगी : ए के 47 भी थी उनके पास ?

श्री कैलाश नारायण सारंग : वह तो आप रखे हुए थे, चुपचाप खड़े तमाशबीनों में आप देख रहे थे । यह फक्ट है । अभी तो एक और फैक्ट ये आपको बताऊंगा मेरे तो दुख यह है कि आज हमारी महिलायें बहनें यह उपस्थित नहीं हैं । मैं एक और फैक्ट आपके सामने बताना चाहता हूं ।

यह सारा समझौता होने वाला था । परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि जिन फोर्सेज ने देखा कि समझौता होने वाला है, मजदूर समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले हैं । परन्तु उन्हें कहां सुहाता है मध्य प्रदेश में शांति रहे, मध्य प्रदेश में झगड़े न हों । उन झगड़ों को बढ़ाने के लिए योजनाबद्ध ढंग से . . . (**व्यवधान**)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : यह भाषण है या क्लेरिफिकेशन है ?

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल उत्तर प्रदेश) : जब मजदूरों ने बन्दूक पकड़ी, उसको अपनी तरफ किया और गोली चलायी ।

†شری محمد افضل عرف م۔ افضل : جب مزدوروں نے بندوق پکڑی اس کو اپنی طرف کیا اور گولی چلائی۔

उपसभाध्यक्ष (श्री एम०ए० बेबी) : आप कृपया सवाल पूछें स्टेटमेंट के ऊपर ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : इस स्टेटमेंट में यह बात मैं गृह मंत्री महोदय से पूछना चाहता हूं कि केन्द्र के मंत्री 17 जून को गए और जिस तरह से उन्होंने वक्तव्य दिया, श्रमिकों को भड़काने वाला, उसके बारे में कहीं कोई जिक्र नहीं है । क्या ऐसा कोई वक्तव्य हुआ था कि नहीं हुआ, मेरा यह स्पैसिफिक प्रश्न है . . . (**व्यवधान**) सुनते जाइए, अभी तो सुनते जाइए फिर पूरे आठ घन्टे तक . . . (**व्यवधान**)

श्री मोहम्मद सलीम : आप महिलाओं के बारे में कुछ बता रहे थे ।

श्री कैलाश नारायण सारंग: मैं बताऊंगा, ठहर जाइए । सीने पर हाथ रखकर बात करूंगा, ठहर तो जाओ । बड़ी दर्दीली बात है बहनजी, आप आ गई हैं, आपका भी सिर शर्म से झुक जाएगा' जो कुछ हुआ है वहां ।

श्रीमती सत्या बहिन (उत्तर प्रदेश) : अरे आपको देखकर तो वैसे ही सिर शर्म से झुक जाता है ।

श्री कैलाश नारायण सारंग :*

† Transliteration in Arabic Script.
*Not recorded

श्री मोहम्मद सलीम : इतना सीरियस मामला है आप मजाक क्यों कर रहे हैं ?

श्री अजीत जोगी : इतने गंभीर मसले को आप . . . **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : इसे रिकार्ड से निकाल दीजिए . . . **(व्यवधान)**

श्री कैलाश नारायण सारंग : देखिए मैं कोई मजाक नहीं कर रहा हूं । वह कह रही हैं . . . **(व्यवधान)**

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : इन्होंने जिस तरह से यह कहा है कि यह रिकार्ड में नहीं जाना चाहिए, इसे निकाल देना चाहिए . . . **(व्यवधान)** महोदय, जिस तरह से माननीय सदस्य ने कहा यह रिकार्ड में नहीं जाना चाहिए, इसे निकाल दीजिए . . . **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY); That will not form part of the debate. He has withdrawn it.

SHRI S. S. AHLUWALIA; He is making a mockery of the Statement. It is a serious incident. He should be ashamed of it.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): He has withdrawn that reference and that-does not form part of the record.

श्री कृष्ण लाल शर्मा : सारंग जी हैं, आप इसे वापस लीजिए . . . **(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन : किसी ने उनको* नहीं कहा ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : यह मामला सीरियस है सीरियस क्यों नहीं बनाएंगे ? ऊपर शेरो-शायरी हो रही हैं यहां पर . . . **(व्यवधान)**

श्री अजीत जोगी : आप खुद कह रहे हैं कि 16 आदमी मारे गए . . . **(व्यवधान)**

*Not recorded.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया आदिवासियों की जिन्दगी से खेल कर रहे हो, शर्म आनी चाहिए आपको . . . **(व्यवधान)**

श्रीमति सत्या बहिन : शर्म आनी चाहिए आपको . . . **(व्यवधान)**

श्री कृष्ण लाल शर्मा : जो विषय है उसकी तरफ से ध्यान मत हटाइए . . . **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : इस तरह से नौटंकी कर रहे हैं . . . **(व्यवधान)** तरीके से आप बोलिए . . . **(व्यवधान)**

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे : नहीं उपसभाध्यक्ष महोदय, उन्होंने जब बोला तभी उन्होंने कहा है . . . **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : कुछ नहीं बोला इनको . . **(व्यवधान)** उनको बोला–इनको देखकर शर्म आ रही है मरे को . . . **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री एम. ए. बबी) : सारंग जी, आप कृपया सावल पूछकर क्लैरीफाई करें . . . **(व्यवधान)**

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे : जिस बात पर चर्चा हो रही है, उस बात पर शेरो-शायरी नहीं हो रही है . . . . **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : निहत्थे आदिवासियों पर गोली चलाकर मरवा दिया, ऊपर से यह शेरो-शायरी सुना दी . . . **(व्यवधान)** यह क्या मुजरा हो रहा है यहां पर सदन में . . . . **(व्यवधान)**

श्री अनन्तराय देवशंकर दवे : उन्होंने बीच में टोका, इसलिए उन्होंने कहा . . . **(व्यवधान)**

श्री कैलाश नारायण सारंग : आप बैठिए, सत्या बहिन को मैं जवाब दे दूंगा।

श्री कैलाश नारायण सारंग

जब उन्होंने कहा कि आपको **हुदत** पर तरस आता है तब मैंने यह कहा लकिन अगर उनको दुख है ... **(व्यवधान)**

श्रीमती सत्या बहिन : गलत कह रहे हैं आप ... **(व्यवधान)**

श्री कैलाश नारायण सारंग : मैं अपने शब्द वापस लेता हूं ... **(व्यवधान)**

उपसभाध्यक्ष (श्री एम. ए. बेबी) : मैं सत्या बहिन जी आप बैठिए .... **(व्यवधान)**

श्री कैलाश नारायण सारंग : उपसभाध्यक्ष महोदय, 8 घंटे तक रेल पटरी पर लोग बैठे रहे । बारह रेलगाड़ियां रुकी रही । गर्मी के दिन थे। इतनी भीषण गर्मी पड़ रही थी । बच्चे और सवारियां प्यासी मार गई । हालत बहुत खराब थी । बार-बार लोग ... **(व्यवधान)** ।

SHRI H. HANUMANTHAPPA (Karnataka); Sir, are we converting it into a debate?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI M. A. BABY): Now, he will ask clarifications.

SHRI H. HANUMANTHAPPA: He is repeating what has been reported in the press. If there are any clarifications on the statement he can ask. *It* he is converting it into a debate, then, we will have to narrate the whole story. We are concerned with the incident from 1st July.

*SHRI KAILASH NARAYAN SARANG: I have to narrate the whole story.

SHRI MOHAMMED AFZAL *alias* MEEM AFZAL; Sir, I am on a point of order.

उपसभाध्यक्ष (श्री एम०ए० बेबी) : **प्वांइट आर्डर** क्या है बोलिए ... **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : सर, होम मिनिस्टर ने जो कुछ अपने स्टेटमेंट में दिया है .... **(व्यवधान)**

वाइस चेयरमैन, सर मेरा प्वांइट आफ आर्डर है, मैं इंटरप्ट नहीं कर रहा हूं । होम मिनिस्टर ने जो स्टेटमेंट दिया है, जो इंफार्मेशन उन्होंने ली है वह मध्य प्रदेश गवर्नमेंट से ली है । मैं समझता हूं कि जो कुछ यहां स्टेटमेंट दिया गया है उस पर क्लैरिफिकेशन पूछा जा रहा है । मुझे ऐसा लगता है कि मध्य प्रदेश की सरकार ने कुछ इंफार्मेशन अपनी मैंबर्स को अलग से दी है ..ये क्लैरिफिकेशन नहीं पूछ रहे हैं, बयान कर रहे हैं जो मेरे ख्याल में बहुत गलत है, नियम के बहुत खिलाफ है इसलिए मेरी उनसे गुजारिश है कि जो सवाल है वह सरकार से पूछें ..... **(व्यवधान)**

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: وائس چیئرمین سر میرا پوائنٹ آف آرڈر ہے۔ میں انٹرپٹ نہیں کر رہا ہوں ہوم منسٹر نے جو اسٹیٹمنٹ دیا ہے جو انفارمیشن انہوں نے لی ہے۔ وہ مدھیہ پردیش گورنمنٹ سے لی ہے۔ میں سمجھتا ہوں کہ جو کچھ یہاں اسٹیٹمنٹ دیا گیا اس پر کلیری فکیشن پوچھا جا رہا ہے مجھے ایسا لگتا ہے کہ مدھیہ پردیش سرکار نے کچھ انفارمیشن اپنے ممبرس کو الگ سے دی ہے ... یہ کلیری فکیشن نہیں پوچھ رہے ہیں۔ بیان کر رہے ہیں جو میرے خیال میں بہت غلط ہے۔ نیم کے بہت خلاف ہے اس لئے میری ان سے گزارش ہے کہ جو سوال ہے وہ سرکار سے پوچھیں۔" مداخلت"

श्री कैलाश नारायण सारंग : क्लैरिफिकेशन ही पूछ रहा हूं ..(**व्यवधान**) उपसभाध्यक्ष महोदय, जो कुछ वहां घटना हुई है वह मैं ठीक प्रकार से सदन में नहीं बताऊंगा तो प्रश्न क्या करूंगा, प्रश्न तो तभी होंगे ...(**व्यवधान**)

श्री एच हनुमंतप्पा : यह स्टेटमेंट में है । जो बातें आप कह रहे हैं वह लिखकर दिया है स्टेट गवर्नमेंट ने ..

SHRI MOHAMMED AFZAL alias MEEM AFZAL; He is just telling stories rather than asking questions,

श्री जगदीश प्रसाद माथुर (उत्तर प्रदेश) : बात खत्म हो जाएगी अगर आप डिस्टर्ब नहीं करेंगे तो । इस सदन में यह परंपरा रही है कि प्रश्न पूछते हैं, लेकिन प्रश्न के अलावा आप भी कह देते हैं । बात लंबी हुई है, उसको छोटा कर लें ...(**व्यवधान**)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह आहलूवालिया क्या वह कहते हैं कि जो वह कह रहे वह राज्य सरकार की रिपोर्ट में नहीं है? अगर वह डिनाई करते हैं तो सीधे सवाल पूछें ? ...(**व्यवधान**)

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : ऐडीशनल बातें कह सकते हैं म आपसे निवेदन कर रहा हूं कि जब आप बोलते हैं तो तिगुनी चौगुनी बातें बोलते हैं । हमने, सब ने आपको सुनाहै । हम लोग लंबी बात कर लेते हैं । तो ज्यादा लंबा मत करिए । जब आप बोलते हैं तो हम सब जानते हैं कि क्लैरिफिकेशन कितनी मांगते हैं । आप भी यही करते हैं । लेकिन आपको कोई चीज नहीं भा रही है तो थोड़ा दिल थामकर बैठिए, सुन लीजिए.. (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री एम० ए० बेबी : सारंग जी, आप संक्षेप में कहिए ...

श्री कैलाश नारायण सारंग : उपसभाध्यक्ष जी, क्या रेल रोकी नहीं गई ? अब मैं प्रश्न ही कर रहा हूं । क्या वहां पर जो रेलगाड़ी हावड़ा में दिल्ली चलती है और हावड़ा से नागपुर चलती है, हजारों यात्री वहां पर परेशान नहीं थे । पुलिस ने कोशिश की कि उनको समझायें । क्या यह सही नहीं है ? पुलिस ने जाकर बार बार कहा, क्या यह सही नहीं है । पुलिस के एक सब, इंस्पैक्टर उनके पास गया उसने कहा कि रुक जाओ, हट जाओ उनको हटाने की कोशिश की । हटाने की कोशिश के बजाए उस पर पत्थर फेंकना शुरू कर दिया गया । क्या यह सच नहीं है ? मैं पूछना चाहता हूं कि पत्थर फेंकने के बाद उसको मारा गया, पीटा गया, वह गिर पड़ा, उसको लाठियों से मारा गया । क्या यह सच नहीं है ? इससे भी बड़ी बात यह है कि जो सच यहां पर नहीं आया है, एक महिला कांस्टेबल को निर्वसन किया गया, मेरे पास राष्ट्रीय सहारा का समाचारपत्र है । क्या कोई हरी चप्पल पहनना पाप है यह मैं प्रश्न पूछना चाहता हूं ...(**व्यवधान**)

श्री एच हनुमंतप्पा : आपकी गवर्नमेंट ने क्यों नहीं रिपोर्ट भेजी .. (**व्यवधान**)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह आहलूवालिया : यह कौन सा बयान है ...(**व्यवधान**)

श्री अजीत जोगी : आपकी सरकार को पता नहीं है और आपको पता है । उन्होंने यह लिख कर नहीं भेजा । (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष (श्री एम. ए. बेबी) अहलूवालिया जी इसमें आपका नाम है जब आपका नाम आए उस वक्त आप उठकर बोलिए । ..(**व्यवधान**)

SHRI H. HANUMANTHAPPA: Sir if he is giving all sorts of information, then there should be a disciues-ion out side the statement of the Home Minister. (Interruptions)

†[] Transliteration in Arabic Script,

श्री कैलाश नारायण सारंग मैं गृह मंत्री जी से प्रश्न पूछ रहा हूं ... **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद सलीम : भाजपा सरकार ने उत्तर प्रदेश में तीन-तीन जगह गोलियां चलाई, छात्र मरे ..**(व्यवधान)**

شری محمد سلیم، بھاجپا سرکار نے اتر پردیش میں تین تین جگہ گولیاں چلائی، چھاتر مرے۔ "مداخلت"۔

SHRI H. HANUMANTHAPPA: If what has been stated by the hon. Member is really true, that is an atrocity against a woman, then why has the State Government not furnished this informatics? *(Interruptions)* Why is he coming with all that information wiiich as not been furnished by the State Government? (Inter *raptions)*

श्री अजीत जोगी : माथुर साहब ने उनको समझा दिया वह ठीक बोलेंगे ।

श्री कैलाश नारायण सारंग : देखिए, इस बात से हम भी बहुत दुखी हैं कि निहत्थे, निर्दोष श्रमिक मारे गए उस गोली कांड में। मैं होम मिनिस्टर के सामने कुछ फैक्ट्स ला रहा था । वह बतायेंगे कि वह सच है या नहीं । मैंने कहा कि एक कर्मचारी समझाने के लिए, पुलिस अधिकारी, आया तो उनको पत्थरों से पीट-पीट कर मार दिया गया । मैं जानना चाहता हूं कि वह कौन से तत्व हैं यह बतायें । **(व्यवधान)** मजदूर आंदोलन में होम मिनिस्टर साहब से पूछना चाहता हूं कि वे कौन से असामाजिक तत्व घुस गए जिन्होंने इस आंदोलन को इस स्थिति पर पहुंचाने के बाद जबकि समझौता होने की स्थिति हो रही थी, उसको वायलेंट बनाया, उस आंदोलन को हिंसक बनाया ? समझौता होते-होते धरने पर बैठे लोगों ने रेल रोकी और उसके बाद पत्थर चलाना शुरू कर दिया । वहां से लोगों को हटाने की कोशिश की गई । सारी बातें मैं होम मिनिस्टर साहब से पूछ रहा हूं । मेरा स्पष्ट मत है कि जो कुछ हुआ भिलाई में वह निश्चित रूप से दुखद है और हम भी उससे दुखी हैं । परंतु . . **(व्यवधान**

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ़ **मीम अफजल** हमारा कसूर नहीं है । **(व्यवधान)**

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: ہمارا قصور نہیں ہے۔ "مداخلت"۔

श्री कैलाश नारायण सारंग : जुडिशियल इंक्वायरी तय करेगी कि कसूर किस का है । यह सब पता चल जाएगा जुडिशियल इंक्वायरी की स्टेट गवर्नमेंट ने घोषणा कर दी है । उसकी रिपोर्ट का इंतजार करना चाहिए । जो मैंने चार-6 प्रश्न होम मिनिस्टर साहब के सामने रखे हैं कृपया उन्हें वह बताने का कष्ट करें।

श्री मोहम्मद सलीम : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो एडीशनल इन्फरमेशन इन्होंने दी है इसके लिए धन्यवाद देता हूं । दए तथ्य स्टेटमेंट में नहीं थे वह उन्होंने है, क्या वह यह बतायेंगे कि क्या यह सचाई कि 18 मजदूरों के मर जाने के भिलाई में, **(व्यवधान)**

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: آپ سبھا ادھیکش مہودے، جو ایڈیشنل انفارمیشن انہوں نے دی ہے اس کے لئے دھنیہ واد دیتا ہوں، جو تتھیہ اسٹیٹمنٹ میں نہیں تھے وہ انہوں نے دیئے۔ کیا وہ بتائیں گے کہ اٹھارہ مزدوروں کے مر جانے کے بعد بھلائی میں وہاں سے ان کا خون کلیکٹ کیا گیا اور وشو ہندو پریشد کے ذریعہ الیو دھیا بھیجا گیا اور جو کنکریٹ چھانی جائے گی فاؤنڈیشن کے لئے اس میں وہ خون استعمال ہوگا۔ "مداخلت"۔

*Expunged order toy the Chair.
†[] Transliteration in Arabic Script.

श्री अनन्त राव वेंकटेश्कर दवे : यह रिपोर्ट पर नहीं आना चाहिए । . . . **(व्यवधान)**

श्री कैलाश नारायण सारंग : इस तरह की जिम्मेदाराना वक्तव्य देकर यह अपनी हैसियत बताने की कोशिश कर रहे हैं कि यह कहां तक जा सकते हैं । यह असत्य है । . . **(व्यवधान)**

श्री राम नरेश यादव : यह जो भिलाई में पहली जुलाई को गोली चली और 16 लोग मारे गए । इसमें महिलायें भी हैं और एक 12 साल का बच्चा भी है । **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीमअफजल : मैं आपसे गुजारिश करता हूं कि हमारे आनरेबल सलीम साहब ने इस वक्त ऐसी बात कही है जो ठीक नहीं है । मैं गुजारिश करूंगा क्योंकि उन्होंने शायद गुस्से में यह कहा है इसको वाकई रिकार्ड में नहीं जाना चाहिए । अगर अखबारों में जाएगा तो इसका अच्छा परिणाम नहीं होगा । मैं दरख्वास्त करता हूं सलीम साहब से यह अपने अल्फाज वापस ले लें । **(व्यवधान)**

शरी محمد افضل عرف م۔ افضل : میں آپ سے گزارش کرتا ہوں کہ ہمارے آنریبل ممبر صاحب نے اس وقت ایسی بات کہی ہے جو ٹھیک نہیں ہے میں گزارش کروں گا کیوں کہ انہوں نے شاید غصّے میں یہ کہا ہے کہ اس کو ریکارڈ میں واقعی نہیں جانا چاہیئے اگر اخباروں میں جائے گا تو اس کا اچھا پرینام نہیں ہوگا۔ میں درخواست کروں گا سلیم صاحب سے وہ اپنے الفاظ واپس لے لیں۔ . . . "مداخلت"۔

श्री मोहम्मद सलीम : गोलियों के चलने के बाद, उनके मरने के बाद – **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैं यह रिक्मवेस्ट करता हूं कि यह रिकार्ड पर नहीं जाना चाहिए ।

شری محمد افضل عرف م۔ افضل : میں یہ ریکویسٹ کرتا ہوں کہ یہ ریکارڈ پر نہیں جانا چاہیئے ۔

श्री मोहम्मद सलीम : मैंने कोई गलत बात नहीं कही है । वहां पर जुडिशियल इंक्वायरी हो रही है . . . **(व्यवधान)**

شری محمد سلیم : میں نے کوئی غلط بات نہیں کہی ہے۔ وہاں پر جیوڈیشیل انکوائری ہو رہی ہے۔ "مداخلت"۔

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : वहां पर 18 मजदूरों के मारे जाने के बाद सदन की भावना जो है वह वही होनी चाहिए जो सलीम साहब की है और हमारे दूसरे दोस्तों की है । इस मौके पर जिस तरह के सवालात सलीम साहब ने उठाए हैं वे कुछ अच्छे नहीं लगे उन्होंने कुछ अंदाज से ऐसा कह दिया । मैं समझता हूं कि यह हमारे सदन की परम्परा के मुताबिक नहीं है कि यह सब रिकार्ड पर जाए और अखबारों में छपे । इसका अच्छा परिणाम नहीं होगा । मैं एक बार फिर अपने साथी से दरख्वास्त करता हूं कि वे इन अल्फाज को वापस ले ल । मैं सारंग साहब से भी दरख्वास्त करूंगा कि वे अपनी सरकार को डिफेंस करने में इतने आगे न जाए कि दूसरे लोगों के जजबात भड़क जाए । 18 मजदूरों के मारे जाने के बाद अगर व इस तरह से अपनी सरकार को डिफेंड कर रहे हैं तो यह मामला अच्छा नहीं लाता यह शर्म की बात है ।

*Expunged as ordered by the Chair.

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: وہاں پر اٹھارہ مزدوروں کو مارے جانے کے بعد سدن کی بھاؤنا جو ہے وہ وہی ہونی چاہیئے جو سلیم صاحب کی ہے اور ہمارے دوسرے دوستوں کی ہے۔ اس موقع پر جس طرح کے سوالات سلیم صاحب نے اٹھائے ہیں وہ کچھ اچھے نہیں لگے ہیں انہوں نے کچھ انداز میں ایسا کہہ دیا میں سمجھتا ہوں کہ یہ ہمارے سدن کی پرمپرا کے مطابق نہیں ہے کہ یہ سب ریکارڈ پر جائیں اور اخباروں میں چھپے اس کا اچھا پرسبھاؤ نہیں ہوگا میں ایک بار پھر سے ان سے درخواست کرتا ہوں کہ وہ ان الفاظ کو واپس لے لیں۔ میں مارگ صاحب سے بھی درخواست کروں گا کہ وہ ایسی سرکار کو ڈفینڈ کرنے میں آگے نہ چلے جائیں کہ دوسرے لوگوں کے جذبات بھڑک جائیں۔ اٹھارہ مزدوروں کے مارے جانے کے بعد اگر وہاں طرح سے ایسی سرکار کو ڈفینڈ کر رہے ہیں تو یہ معاملہ اچھا نہیں لگتا۔ یہ شرم کی بات ہے

श्री मोहम्मद सलीम : अगर ऐसा है तो मैं इन्हें वापस लेता हूं।

شری محمد سلیم: اگر ایسا ہے تو میں

श्री राम नरेश यादव : महोदय, मध्य प्रदेश में भिलाई में, जो एक औद्योगिक नगर है, वहां पहली जुलाई को जिस तरह से पुलिस की गोली से 16 मजदूर मारे गए वह घटना बहुत ही दुखद है, निन्दनीय भी है और चिन्तनीय भी है। इसलिए कि यह एक आदिवासी क्षेत्र है और वहां सारे मजदूर और आदिवासी काम करते हैं। उस औद्योगिक क्षेत्र में काफी दिनों से यह संघर्ष चल रहा था। मैं यह कहना चाहता हूं कि उन लोगों की जो समस्या थी, विशेष रूप से वहां पर निजी उद्योग लगे हुए थे उन पर वहां की सरकार का वरदहस्त था। वे ऐसे प्रभावी लोग थे कि जो वहां पर छत्तीसगढ़ मोर्चा बना रखा था उन कर्मचारियों की एक मांग चल रही थी, उसका उल्लेख पैरा 3 में मंत्री जी ने किया है। उनकी मांग थी कि ठेकेदारी प्रथा समाप्त की जाये। वेतन से संबंधित उनकी मांग थी कि योनम और सेवा शर्तों से संबंधित मांग थी। जिन कर्मचारियों को हटा दिया गया है उनको वापस लेने की मांग थी। मिनिमम वेजज की मांग थी। बहुत दिनों से उनका यह संघर्ष चल रहा था। उसी कड़ी में उनका आन्दोलन चल रहा था जिसके बारे में हमारे साथी चर्चा कर रहे हैं। इसी संबंध में शंकर गुहा नियोगी की हत्या की बात भी कही गई। उनके हत्यारे वही थे जिनके ऊपर सरकार और प्रशासन का संरक्षण था। मजदूरों की यह मांग थी कि उन हत्यारों को गिरफ्तार क्यों नहीं किया जा रहा है। उनकी मांग थी उनकी गिरफ्तार किया जाए। ये सारी उनकी मांगें थी। सरकार और प्रशासन इन मांगों को गम्भीरता से नहीं ले रहा था क्योंकि जो लोग वहां पर उद्योगों को बढ़ा रहे थे उन लोगों का संबंध वहां की सरकार से था और सरकार चलाने वाले नेताओं से था। इसलिए कोई कार्यवाही नहीं हो रही थी। मैं यह कहना चाहता हूं कि जब इतना मामला चल रहा था तो क्यों नहीं प्रशासन ने बैठकर और स्वयं वहां के श्रममंत्री ने बैठकर इन मामलों को हल क्यों

नहीं किया ? इसके लिए कौन जिम्मेदार है, यह मैं माननीय गृह मंत्री जी से पूछना चाहता हूं । सारंग जी ने अभी अपना बयान दिया है, पूरा बयान प्रदेश सरकार ने केंद्रीय सरकार के पास और गृह मंत्री के पास भेजा है । उसी के आधार पर पूरा वक्तव्य आया है तो इससे जो प्रश्न उपस्थित हो रहा है, उस संबंध में मैं जानना चाहता हूं . . . (व्यवधान) . . .

मुझसे अधिक आप जानते हैं । इसलिए जरा शांत रहिए . . .

श्री कैलाश नारायण सारंग : समझौता हो रहा था यह तो बता दिया ।

श्री राम नरेश यादव : अगर समझौता हो रहा था, इस तरह की बात हुई थी . . .

श्री कैलाश नारायण सारंग : हस्ताक्षर होने वाले थे ।

श्री राम नरेश यादव : . . तो प्रदेश सरकार की तरफ से बयान आना चाहिए था । लेकिन नहीं आया और सारी चीजों को छुपाने की कोशिश हुई है यह भी आरोप है । मैं गृह मंत्री जी से जानना चाहता हूं कि फाइरिंग जिस तरह से हुई, जिस तरह से लोग मरे हैं उस तथ्य पर पर्दा डालने के लिए और प्रशासन को बचाने के लिए सरकार अपनी जिम्मेदारी से बचने के लिए कैसे गढ़ रही पैरा 3 में है कि पहले आगाह किया गया, चेतावनी दी गयी और फिर लाठी चार्ज किया गया । यह जो सारी बात इसमें आ रही है, मैं कहना चाहता हूं कि वास्तव में यह सब कुछ नहीं हुआ है केवल उस घटना को छुपाने के लिए उस पर पर्दा डालने के लिए ये सारी बातें हो रही हैं । इसलिए मैं माननीय मंत्री जी से तीन प्रश्न पूछना चाहता हूं ।

पहला यह कि जब कि सचमुच में इनकी मांगें चली आ रही थीं तो क्या प्रशासन ने इसके पहले उनके साथ बैठकर कितनी बार बातचीत की ? वहां के श्रम मंत्रालय के साथ, लेबर कमिश्नर के साथ कितनी बार बातचीत हुई ? क्या इसका कोई संकेत आपका जो बयान है उसमें मिलता है ? अगर उसमें मिलता है तो मैं कहना चाहता हूं कि इसका मतलब यह है कि प्रदेश सरकार पूरी तरह से इसके लिए जिम्मेदार है और वह अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन नहीं कर सकी है ।

मेरा दूसरा प्रश्न यह है कि आपने यह कहा कि शंकर गुहा नियोगी की जो हत्या हुई तो उसके जो हत्यारे थे, क्या उनके बारे में प्रदेश सरकार ने आपको कोई रिपोर्ट भेजी है ? क्यों नहीं उनको गिरफ्तार किया गया ? अगर गिरफ्तार किया गया तो गिरफ्तार करने के बाद क्या क्या कार्यवाही की गयी ? मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या मजदूरों की यह भी एक मांग थी या नहीं ? जो मोर्चे के लोग थे, उनकी यह मांग थी या नहीं थी ? अगर थी तो इस संबंध में प्रदेश सरकार ने क्या कार्यवाही की है, क्या इस बारे में आपको कोई जानकारी है ? अगर आपको जानकारी नहीं है तो क्या प्रदेश सरकार से जानकारी लेकर सदन को बताने का प्रयास करेंगे यह मैं जानना चाहता हूं ।

तीसरी बात यह है कि यह कहा गया है कि जूडीशियल इन्क्वायरी बिठा दी गयी है । मैं यह जानना चाहता हूं कि जूडीशियल इन्क्वायरी एक्ट के तहत, सरकार कहती है और जैसा कि मंत्री जी ने कहा है कि नियुक्त किया जाएगा । बात बहुत साफ है कि सरकार, प्रशासन और वहां के उद्योगपति, मैं नाम नहीं लेना चाहता, बहुत से उद्योगपति का नाम मुझे मालूम है, जिनका इसमें हाथ है और जिनको संरक्षण दिए जाने के कारण इतनी बड़ी जबर्दस्त घटना घटी है । नहीं तो हो सकता है कि अगर यह सरकार निष्पक्ष रूप से काम करती और इनके वशीभूत होकर काम नहीं करती तो यह घटना न होती और इस घटना को बचाया जा सकता और मामले का हल भी किया जा सकता । लेकिन वहां पर तो राजनीति काम कर रही थी कि किस तरह से अपने

[श्री राम नरेश यादव]

स्वार्थ की सिद्धि की जाये । इसलिए मैं जानना चाहता हू कि क्या प्रदेश सरकार ने जो संकेत दिया है, जूडीशियल इंक्वारी का वह किसी सिटिंग जज से करा रहे हैं या सेवानिवृत्त जज से करा रहे हैं ? हमारी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट के जो मौजूदा जज हैं, ऐसे सिटिंग जज से इंक्वारी करायी जानी चाहिए । क्या इस तरह का निर्देश केंद्र की तरफ से, यद्यपि हस्तक्षेप करने का अधिकार तो नहीं है, लेकिन मेरा आग्रह है कि इस बारे में सेवा-निवृत्त जज से जांच करा रहे हैं या किसी सिटिंग जज से करा रहे हैं ? हमारी मांग है कि सुप्रीम कोर्ट के जज से इसकी जांच कराई जानी चाहिए क्योंकि बात बिल्कुल साफ है इस मामले पर प्रदेश सरकार ने पर्दा डालने का काम किया है, इसलिए इस पर वह पर्दा न पड़ा रहे, इसके लिए यह आवश्यक है । साथ ही साथ यह भी आया है कि कुछ मामलों में समझौता भी हो गया था । तो मैं यह जानना चाहता हू कि क्या प्रदेश सरकार ने बताया है कि वह समझौता हुआ था ? अगर नहीं कहा है तो इसका मतलब साफ है कि सचमुच में कोई समझौता नहीं हुआ था । मजदूरों की मांग चली आ रही थी, चेतावनी दी गयी थी लेकिन चेतावनी के बाद भी हमारा आरोप है प्रदेश सरकार ने, वहां के प्रशासन ने कोई प्रीकाशनरी मेजर नहीं लिया ? मैं जानना चाहता हूं कि प्रीकाशनरी मेजर लिया था या नहीं लिया था ? और अगर नहीं लिया था तो उसकी जिम्मेदारी भी प्रदेश सरकार पर है । मैं इन शब्दों के साथ कहना चाहूंगा कि एक तो जो धनराशि दी गई है वह बहुत ही कम है । इस दिशा में भी सरकार को गंभीरता से विचार करना चाहिए ।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : केंद्रीय सरकार को देनी चाहिए ।

श्री राम नरेश यादव : मैं वही कह रहा हूं । प्रधानमंत्री जी ने अपने कोस से दी है लेकिन उससे भी हट कर के क्योंकि यह मानवता का सवाल है, मैं उधर के सभी सम्मानित सदस्यों से कहूंगा कि यह एक वैसी घटना हुई है इसमें हम लोगों को पार्टी पोलिटिक्स से ऊपर उठकर के विचार करना चाहिए । मैं फिर गृह मंत्री जी से मांग करूंगा कि केंद्रीय सरकार को भी अधिक से अधिक धनराशि मृतकों के परिवारों के लिए और घायलों के लिए दिलाने की व्यवस्था करायें । यह भी व्यवस्था करायें कि जो अपराधी हैं और जिन दूसरे लोगों का इस अपराध में हाथ रहा है, प्रदेश सरकार को लिखें कि उनके खिलाफ क्या कार्यवाही कर रहे हैं । इसकी जानकारी भी सदन को दें । यही मेरे स्पष्टीकरण है जो मैं आपसे जनना चाहता हूं ।

श्री अजीत जोगी : उपसभाध्यक्ष महोदय, माननीय गृह मंत्री का जो यह बयान दिनांक एक जुलाई, को भिलाई में निर्मम और बर्बर गोलीकांड हुआ है, जहां घटना के तत्काल बाद पहुंचने वाले लोगों में से मैं एक था, जिसकी तुलना जो इतिहास स्मरण आता है केवल जलियावाला बाग से ही की जा सकती है (व्यवधान) उसके संदर्भ में, मैं गृह मंत्री जी से चंद सवाल पूछना चाहता हूं । क्या यह सच है छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का वर्तमान आन्दोलन 20 मास से चला आ रहा था और शासन की ओर से उनकी मांगों की पूर्ति के लिए पहल केवल तब तब की गई जब यह समझा गया कि यह आंदोलन विकराल या गम्भीर रूप ले सकता है पहली बार जब माननीय जोशी जी की रथ यात्रा उस क्षेत्र से हो कर निकल रही थी, तब इस छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा के लोगों ने आहवान किया कि हम उस रथ यात्रा को रोकेंगे । तब घबरा कर, विचलित हो कर शासन ने उनसे बात करने का फैसला किया । क्या यह सच है ? तब वह बात हो कर बात आई-गई हो गई । उनकी बात को नहीं सुना गया । दूसरी बार जब फिर आहवान किया गया कि 15 मई को भिलाई नगर में 15 लाख लोगों को लाकर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे तब विचलित हो कर के राज्य शासन के उद्योग मंत्री श्री कैलाश जोशी जी वहां गए और

बातचीत की । मैं यह इसलिए पूछ रहा हूं कि इससे यह स्पष्ट होता है कि राज्य शासन का रवैया इनकी मांगों को पूरा करने का बिल्कुल नहीं था । जब जब उनको लगा कि स्थिति गम्भीर होगी, तब तब उन्होंने बातचीत की पहल की । 15 तारीख के आंदोलन को समाप्त करने के लिए उद्योग मंत्री वहां गए । जैसे इस बयान में लिखा है 8 में से 7 मांगों को पूरा कर देंगे लेकिन एक भी मांग पूरी नहीं की गई । यह कह रहे हैं कि सात मांगे पूरी हो गई थी लेकिन मांग एक भी पूरी नहीं हुई । आश्वासन दिया गया था कि 7 मांगों को हम पूरा कर देंगे । 15 दिन का समय दिया गया और जब 15 दिन से अधिक समय बीत गया तो उसके बाद क्या यह सच है कि 23 तारीख से धीरे धीरे मजदूर वहां इकट्ठा होने लगे जिसकी पूरी जानकारी शासन और प्रशासन को थी फिर भी 23 तारीख से ले कर 30 तारीख तक पूरे एक सप्ताह तक उन्होंने कोई बातचीत की पहल नहीं की । क्या यह सच है, यदि यह सच है तो क्या यह सच नहीं है कि राज्य शासन ने इस आन्दोलन की पूरी अनदेखी की ? केवल दो बार जब उनको खतरा लगा कि यह आन्दोलन गम्भीर रूप ले सकता है, तभी बातचीत की पहल की । मैं इसलिए गृह मंत्री जी से यह जानना चाहूंगा कि जो यह बात कही गई कि उस दिन समझौते पर हस्ताक्षर होने वाले थे, यद्यपि यह बयान में नहीं है किन्तु माननीय सदस्य ने कहा है, इस लिए इस संदर्भ में माननीय गृह मंत्री जी से कहना चाहूंगा अगर अभी जवाब दे सकें तो अभी दें अन्यथा बाद में बात कर लें कि उस दिन जिस समझौते को करने के लिए असिस्टेंट लेबर कमिश्नर ने लोगों को बुलाया था, वह केवल एक यूनिट जिसमें 36 मजदूर काम करते हैं, वायर ड्राइंग की छोटी यूनिट है उसके संदर्भ में बुलाया था । बड़े आंदोलन के संबंध में जिसका कोई 5 हजार मजदूरों से संबंध था उसके लिए कोई पहल नहीं की गई । इसलिए मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या राज्य शासन की यह बेरुखी, यह अनदेखापन, एक तरह से इस आंदोलन को पूरी तरह से नजरअंदाज कर देना, इस स्थिति को बनाने के लिए इस स्थिति में तनाव लाने के लिए जिम्मेदार नहीं था ?

उस दिन, घटना विशेष के दिन ये लोग, जैसा कि बयान में कहा गया है कि सुबह 9 बजे से लेकर साढ़े 5 बजे तक शांतिपूर्ण तरीके से रेल की पटरी पर बैठे रहे । मैं प्रशासन में रहा हूं । 12-13 साल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट रहा हूं । इसलिए मैं माननीय गृह मंत्री जी से यह पूछना चाहता हूं कि 9 बजे से लेकर साढ़े 5 बजे तक जबकि दिन का उजाला था अगर आप इन मजदूरों को बलपूर्वक हटाना चाहते तो कम से कम बल का प्रयोग करके हटा सकते थे । तो 9 बजे से लेकर साढ़े 5 बजे तक प्रशासन ने उनको हटाने की पहल क्यों नहीं की । जब अंधेरा होने लगा, जब शिफ्ट छूट गयी, और भी लोग आने लगे, जब सिनेमा छूट गया , और भी लोग आने लगे, जब कार्यालय छूट गए, और भी लोग आने लगे तथा 5 हजार की जगह 15-20 हजार लोग हो गए तब जान-बूझकर साढ़े 5 बजे बल प्रयोग करने का फैसला करना क्या प्रशासन के लिए बहुत ही गैर जिम्मेदार बात नहीं है । दिन भर लोग बैठे रहे तब आपने उनसे बातचीत नहीं की । अगर बलपूर्वक ही हटाना था, रेलें रोकीं तो गलत काम किया था, मैं मानता हूं, पर हटाना था तो दिन भर में क्यों नहीं हटा लिया गया । शाम के साढ़े 5 बजे हटाने की कोशिश होती प्रारंभ होती है । 5.45 पर गोली चलनी प्रारंभ होती है । गोली चलाने के इतिहास में ऐसा नहीं हुआ, वहां के प्रत्यक्षदर्शियों ने भी बताया कि 5.45 पर गोली चलना प्रारंभ हुई और रात 8 बजे तक आखिरी गोली चलती रही । क्या इस तरह से बल का प्रयोग किसी भी प्रशासन के लिए किसी भी तरह से जस्टीफाइड हो सकता है, न्यायपूर्ण हो सकता है, गृह मंत्री जी इसका उत्तर देने की कृपा करें ।

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि क्या इस पूरे हादसे के लिए जो राज्य शासन की पार्टी है उसकी अन्तः कलह तो जिम्मेदार नहीं है ? यह सब जानते हैं कि

[श्री अजीत जोगी]

आन्दोलन में बातचीत करने के लिए माननीय उद्योग मंत्री श्री कैलाश जोशी जी भिलाई गए थे जब 15 मई का आवाहन हुआ था । उन्होंने मजदूरों से बातचीत की । बातचीत करने के बाद उन्होंने कहा कि 8 में 7 मांगों पर हम किसी एक निर्णय पर पहुंच रहे हैं । उसका समाधान हो जाएगा । क्या यह कारण साफ नहीं दिखता है कि जो भारतीय जनता पार्टी में माननीय मुख्य मंत्री श्री पटवा जी और माननीय श्री कैलाश जोशी के बीच में द्वंद चला आ रहा है जो भेदभाव चला आ रहा है उसके कारण जब माननीय मुख्य मंत्री जी को यह लगा कि इसका क्रेडिट, इसका श्रेय माननीय *उद्योग मंत्री जी ले जायेंगे तब* उन्होंने प्रशासन को विशेष निर्देश दिया कि इस आंदोलन को हर तरह से पूरी ताकत से दबाया जाय, यदि नहीं दबायेंगे तो इसका पूरा श्रेय पूरा क्रेडिट उद्योग मंत्री जी ले जायेंगे जो मुख्य मंत्री के दूसरे दावेदार बनकर बैठे हैं । माननीय मंत्री जी यह भी बतायें . . . **(व्यवधान)**

श्री जगेश देसाई (महाराष्ट्र) : यह तो अखबारों में सब आया हुआ है ।

श्री अजीत जोगी : सत्य अच्छा नहीं लगता है, पर सत्य सुन लीजिए . . . **(व्यवधान)** हमारे भाई मारे गए हैं इसलिए हमें दुख हुआ, दर्द हुआ, वेदना हुई है इसलिए हम यह कह रहे हैं . . . **(व्यवधान)**

श्री जगदीश प्रसाद माथुर : हमको भी दर्द है भाई, ऐसा नहीं है . . . **(व्यवधान)**

श्री अजीत जोगी : आप तो शेरो-शायरी कर रहे थे, आप तो छेड़खानी कर रहे थे ।

मैं माननीय गृह मंत्री जी से यह भी पूछना चाहता हूं जैसा कि इस बयान में उल्लिखित है कि एक सब इंस्पैक्टर की हत्या गोली चालन के पहले मजदूरों ने कर दी थी । मैं प्रत्यक्ष उस घटना के बहुत पहले पहुंचने वाले लोगों में से था . माननीय अध्यक्ष जी घटना के दूसरे दिन आप स्वतः पहुंच गए थे । प्रत्यक्षदर्शियों ने, वहां के लोगों ने, मजदूरों ने यहां तक कि प्रशासन के लोगों ने जो मुझे बताया वह यह बताया . . . **(व्यवधान)** और इस अधिकारी विशेष को मैं अच्छी तरह से जानता था . . . ।

उसने मेरे अधीन काम भी किया हुआ है, एक बहादुर और अच्छा अधिकारी और बड़े अच्छे परिवार का अधिकारी, जो अपने कार्य में दक्ष था, उसकी मृत्यु से मुझे भी दुख हुआ । मैं उसके घर भी बैठने गया था ।

पर मैं यह जानना चाहता हूं गृह *मंत्री महोदय से, कृपया इस बयान में जो* उल्लिखित है कि गोली चालन से पहले ही मजदूरों ने उसको घेर कर मार दिया, यह क्या आपको लगता है कि सही है ? यह बयान बिलकुल गलत है । वास्तविकता यह है कि जब भगदड़ मची, जब गोली चलने लगी, तब यह इंस्पैक्टर भी भीड़ के बीच में गया, एक किनारे कहीं मजदूरों के बीच में फंस गया–ऐसे मजदूरों के बीच में फंस गया जो शायद उसको उतनी अच्छी तरह से नहीं जानते थे और वहां उसके साथ मारपीट हुई और उसकी दुखद मृत्यु हुई ।

तो मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या जो उल्लिखित राज्य शासन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है, यह केवल एक पेशबंदी अपने को बचाने के लिए, अपना बचाव पक्ष मजबूत करने के लिए नहीं किया गया है, क्योंकि जो दुखदद मृत्यु सब-इंस्पैक्टर की हुई, वह घटना गोली चलने प्रारंभ होने के बाद हुई न कि पहले हुई, जैसा कि इसमें उल्लिखित किया गया है ।

मैं एक और गम्भीर बात पूछना चाहता हूं । **(समय की घंटी)** यह जो छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा आन्दोलन चल रहा है, यह कोई भिलाई स्टील प्लांट की मांगों के संदर्भ में नहीं चल रहा है । यह केवल पांच बड़े उद्योगपति हैं, जिनकी इकाईयों में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा ट्रेड यूनियन का जो संगठन बना है, उसको लेकर चल रहा है ।

मैं यह जानना चाहता हूं कि इस पूरे परिवेश में माननीय शंकर गुहा नियोगी, जो मेरे व्यक्तिगत मित्र थे, उनकी हत्या जो की गई, उनका जो एक टेप रिकार्डेड वर्शन पहले से सब को उपलब्ध है, जिसमें उन्होंने यह कहा था कि इन पांच उद्योगपतियों से मुझे भय है । यह मेरी हत्या करवा देंगे क्योंकि मैंने उनके उद्योगों की इकाईयों में संगठन बनाया है ।

मैं गृह मंत्री महोदय से यह जानना चाहता हूं कि क्या इस आक्रोश के पीछे, इस आन्दोलन के पीछे यह कारण नहीं है कि उनमें से मुख्यतः एक उद्योगपति ,जिसका नाम बार-बार शंकर गुहा नियोगी जी की पत्नी ले रही है उसके साथी ले रहे हैं , जो शराब की बहुत बड़ी डिस्टिलरी का मालिक है, जो शराब की बहुत बड़ी यूनिट का मालिक है और मैं नाम लेने में भी नहीं हिचकूंगा, जिसका नाम केडिया है, उस उद्योगपति का एक बहुत ही चहेता व्यक्ति जिसका नाम यहां है किसी सदस्यों ने —संभवतः आपने स्वतः लिया, सुभाष गुप्ता, वह पांच बजे के लगभग . . . (**व्यवधान**)

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : उसका नाम इस रिपोर्ट में है, जो सबमिट की गई है ।

श्री अजीत जोगी : वह पांच बजे के लगभग खुद अपने कुछ असामाजिक तत्वों को लेकर पहुंचा और उसने आपकी मदद की कि आप बल का प्रयोग करें । उसने वहां हुल्लड़ मचाया और उसने वहां पत्थरबाजी चालू कराई क्योंकि यह जो उद्योगपति हैं, बदनाम उद्योगपति है, जिसको बहुत से लोग संरक्षण देते हैं और मैं दलों की सीमाओं से उठ कर यह कहना चाहता हूं—हो सकता कि मेरे दल के लोग भी उसके साथ हों, हो सकता है कि आप के दल के लोग भी उसके साथ हों, पर जो भी उसके साथ है वह उसका गलत साथ दे रहा है ।यह उद्योगपति एक ऐसा उद्योगपति है, माननीय उपसभाध्यक्ष जी, जिसने टेलीविजन में अपना पद्रह मिनट का इन्टरव्यू करवा लिया सुबह, यह कह कर कि यह एक बहुत बड़ा समाजसेवी है । यह उद्योगपति एक ऐसा उद्योगपति है, उपसभाध्यक्षजी, जिसने राज्य शासन से अपना सम्मान करवा लिया—भारतीय जनता पार्टी के राज्य शासन से कि यह एक बहुत बड़ा समाजसेवी है । एक ऐसा उद्योगपति जिसको माननीय स्व० शंकर गुहा नियोगी ने यह कहा कि यह मेरी हत्या करवा देगा, यह उसका सब से बड़ा कंस्पीरेटर है । उस उद्योगपति ने अपने सबसे चहेते गुंडे सुभाष गुप्ता को वहां भेजा ।

क्या उसकी उपस्थिति वहां पुलिस के रिकार्ड में दर्ज है और उसने वहां पहूंच कर क्या इस स्थिति को इतना नहीं बिगाड़ा जिससे स्थिति बिगड़ी, गोलियां चली और इन पांचों इकाईयों में जो मजदूरों का संगठन बन रहा है ,वह रुक जाय, इसका जवाब माननीय गृहमंत्री जी अवश्य दें ।

मैं यह जानना चाहता हूं कि जब उसके खिलाफ इतना प्रमाण है, तो हम उसको टेलीवीजन पर क्यों दिखाते है, केन्द्र शासन की तरफ से ?

मैं यह जानना चाहता हूं कि जब उसके खिलाफ इतना प्रमाण, है तो र ाज्य शासन की तरफ से उसका सम्मान समाज सेवी की तरह से क्यों किया जाता है ?

मैं यह भी जानना चाहता हूं कि जब उसके खिलाफ इतना बड़ा प्रमाण है, तो उसको मुख्य अभियुक्त क्यों नहीं बनाया जाता ? और अभी माननीय कैलाश सारंग जी कह रहे थे कि सी० बी० आई० इंक्वायरी कर रहा है, इसीलिए पलटन जो इसका मुख्य अभियुक्त है, वह पकड़ा नहीं गया है । (**समय की घंटी**) ठीक है पलटन नहीं पकड़ा गया, पर मैं यह जानना चाहता हूं कि इन उद्योगपतियों में से एक उद्योगपति जिसको सी० बी० आई० ने पकड़ा, चंद्रकांत शाह, वह पुलिस की अभिरक्षा से कैसे भाग गया ? वह पुलिस की अभिरक्षा तो राज्य शासन कर रहा था । उसको आप, पांच में से एक तो पकड़ते हैं आप, मुख्य केड़िया को तो पकड़ते नहीं हैं । जिसका नाम टेप-रेकार्डिड दर्ज है और जिसके नाम से आज मजदूर चिल्ला रहा है, कराह रहा है । एक उद्योगपति पकड़ा जाता है । उसको भी जानबूझ कर अपनी अभिरक्षा से छुड़वा देते हैं । यह सब क्या राज्य शासन के रुख को दिखा रहा है, इस पर गृह मंत्री जी प्रकाश डालें और बतायें कि इस तरह से राज्य शासन ने जो जान-बुझ कर मुख्य अभियुक्त को अभिरक्षा से छुड़वा दिया है उसके लिए कौन जिम्मेदार है

[श्री जीत जोगी]

मैं अंत में, योंकि दो बार घंटी बजा रहे हैं वैसे मेरे दिल में बहुत सी बातें ह, मैं बहुत सी चीजें कहना चाहता था और मैं यह दिलों की बातें दलों से ऊपर उठ कर कहना चाहता था, पर आप से अंत में यह निवेदन करना चाहूंगा माननीय उपसभाध्यक्ष जी कि गृह मंत्री जी यह भी प्रकाश डालें कि छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा तो सन् 1976-77 से चला आ रहा है सन् 1975 से चला आ रहा है गुहा नियोगी जी का यह संगठन है। केवल दो बार इस पर बहुत बड़ा प्रहार हुआ है। एक बार सन् 1977 में हुआ था जब 40-50 लोग मारे गए थे और दूसरा सन् 1992 में हुआ जब अब भी मैं मानता हूं यह 16-18-20 लोग नहीं मारे गए हैं बल्कि 50 से कम लोग नहीं मारे गए हैं। ये दोनों बार की बात है कि क्यों ऐसा संहार ऐसा नरसंहार ऐसे समय में हुआ है जब मध्य प्रदेश में कांग्रेस में की सरकार नहीं रहती है, जब मध्य प्रदेश पूंजीपतियों को संरक्षण देने वाली सरकार होती है ? ऐसा क्यों बार-बार होता है, इसका जवाब गृह मंत्री जी दें ?

PROF. SAURIN BHATTACHARYA (West Bengal): Sir, this is a detailed statement, no doubt, on the gruesome incident. By now we have heard many Members and we have heard the preceding speaker who was almost an eye-witness. There is hardly any doubt that this was a deliberate case of murder on which sufficient light could not be thrown by the Union Minister of State for Home Affairs. This statement is based on the report given by the State Government as a matter of Constitutional propriety. But, Constitutional propriety apart, in the meantime, this issue has been discussed from time to time and I think one of the main aspects, insofar as I can learn from the Press, periodicals and from conversations, is that it was mainly a demonstration not so much on the stated demands, but mainly for apprehending the culprits, the industrialists, who were behind the murder of Mr. Shankar Guha Neogi, who were shielded by the State Government and who are being shielded by the State Government.

The previous speaker, with intimate knowledge, could name the persons, could give the names and the names of the other goondas came in the Press. All in all, the entire incident is really very shocking, very grue some and very revolting and it is un thinkable that anybody in this House can stand in support of this incident. The account given here really belies all beliefs. I have been in the midst of hundreds of demonstrations. In my student days, Calcutta witnessed the greatest movement, perhaps, against the trial of the INA officers and the entire Calcutta was on the streets. People came out with all their fury in the midst of it. The fact, the purported fact that has been stated here that a Sub-Inspector of Police was killed before there was any police action is something unbe lievable. Even in the statement itself it is given that the workers were dis persing. It was at such a point of time that the Sub-Inspector was done to death. My previous speaker has mentioned the names, Subhash Gupta or so who has acted as agent provocat eur creating conditions for the ramp ant firing on the unarmed workers who had been fighting against the industralists for their legitimate de mands. If any Government in this country, and State Government or the Central Government is responsible for such an action, its condemnation should be universal. My previous speaker was repeatedly telling that it should be rising above parties. The question is not rising just above par ties, but it is on the basis of certain cherished principles that we have to take our stand on certain occasions when the humani- ty really is in danger. That is what it was in Bhilai on the 1st of July. The railway traffic has been obstructed for the first time at Durg. That is as far as the name of, the main railway station of Bhilai is concerned. In India, it is not for the first time that the trains are held up. Trams

are delayed for how long, we know. For whose fault? Nobody knows. And it was such an intolerable act that admittedly 15 persons—according to Swami Agnivesh, it was 36; according to my previous speaker, it was more than 50 had to give their lives in order to ensure the unfettered right of passage for the express and mail trains. This urgency is not seen in providing bread to the workers, in providing employment and in relieving the distress of the poorest of the poor. Madhya Pradesh is among the poorest of the poor State in India. That urgency is not seen in all these developmental activities. But all the urgency was manifested from the barrel of the gun in order to make way for the express trains from Howrah to Bombay. It is a funny argument which was given by a defender of this monstrous act of the Madhya Pradesh Government. A judicial enquiry has been ordered. Ultimately, it may be the be-all and and all. The entire thing may be put under the carpet by this, judicial enquiry. It was said that it would be referred to the High Court, and that the High Court would appoint a judge or an. ex-judge, etc. Naturally we would like that he should be a sitting judge, preferably from the Supreme Court. That is number one. Secondly, the judicial enquiry should be in public. All concerned should be allowed to make their deposition in public before the judge appointed for the purpose of enquiry. If all those atoned for the death of so many precious lives, then, perhaps, that could be the least that they could do.

Thank you, Sir.

SHRI JOHN F. FERNANDES (Goa): As rightly mentioned by my colleague, it is a belated statement. This gruesome murder took place about 15 days back.

With out going into the details of political affiliations of the State Government, I would like to know from the hon. Minister whether the police was State police or the industrial security orce or the CRPF. That has not been made clear in the statement.

We claim to be a developed country. We are no longer a developing country. We are sending our rockets into the space. But at the same time we are using the most primitive and crude method for controlling crowds. India is a democratic country and is agitate and demonstrate for our rights is permitted in a democratic set-up. But what we saw on the 1st of July is most primitive which is not resorted to in a developed country. We know that a modern method is used in other developed countries, that is the use of water cannons and rubber bullets. I know law and order is a State matter. I would like to know whether they would issue directive to the State Governments to see that the Central Reserve Police Force adopt this modern method of using water cannon or rubber or plastic bullets.

Agin, the Morcha has reservations when they say that the State Government is involved in organising State terrorism, and they have reasons to believe that the State judicial inquiry-will be partial. As rightly mentioned by my colleagues, and also, Sir, you yourself mentioned, the State Government is involved in charging the injured people. It shows that the State Government is interested in suppressing the truth. Therefore, I would request the hon. Home Minister to see that this judicial inquiry by the State Government is conducted by a judge from some other State or from the Supreme Court.

These are my suggestons.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मोहतरम वाइस चेयरमेन साहब, मैं समझता हूं कि बहुत सारे जो सवालात उभरते थे, वह ज्यादातर लोगों ने पूछ लिए हैं। मैं सिर्फ चंद बातों तक ही सीमित रहूंगा। वह बात बिल्कुल स्पष्ट रूप से सामने आ गई है कि शंकर गुहा नियोगी के कत्ल के बाद, यह तकरीबन साबित हो गया है. वहां जो इंडस्ट्रलिस्ट हैं उनके और पूलिस के दरमियान और स्टेट गवर्नमेंट के कुछ लोगों के दरमियान एक नेक्सेस बना हुआ है और गरीब मजदूर वर्षों से जूझ रहा है। जब यह मजदूर अपनी डिमांडस

[श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल]

लेकर जाता है तो मुख्तलिफ तरीकों से उसको दबाने की कोशिश की जाती है। अभी यहां कुछ सवालात उठाए गए कि प्रोवोकेशन हुआ, पुलिस के लोगों को मारा गया, एक औरत के बारे में भी कहा गया कि उसके कपड़े उतारे गए जो लेडी कांस्टेबल थी। अगर ऐसा है तो बहुत शर्मनाक है और अगर ऐसा है तो स्टेट गवर्नमेंट ने जो वजीरे दाखला को वजूहात दी हैं और जो बयान उन्होंने यहां दिया है उसमें इसका जिक्र क्यों नहीं? अगर किसी अखबार ने उसको छापा है तो उसकी तहकीकात क्या सरकार करेगी कि वाकई यह वाकया वहां हुआ है या नहीं हुआ?

दूसरे कुछ सवालात इस स्टेटमेंट से और हमारे पास यह छतीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की जो वजूहात और डिमांडस हैं, जो उसने बहुत सारे मेम्बराने-पार्लियामेंट को भेजी हैं, उससे उठते हैं। कल हमारी पार्टी के मिस्टर वी० पी० सिंह और मिस्टर बोम्मई वहां गए थे, हमारी पार्टी के अध्यक्ष, उन्होंने भी आकर के बताया। हम यह पूछना चाहते हैं कि पहली जुलाई को जब लेबर डिपार्टमेंट में मजदूर गए तो, इसमें लिखा गया है कि बातचीत नहीं हो सकी, जारी नहीं रह सकी, क्योंकि हमारी इन्फोरमेशन के मुताबिक वहां लेबर आफीसर थे ही नहीं और जो मजदूर वहां पहुंचे पूरी उम्मीद के साथ कि उनके साथ कोई बातचीत होगी, नेगोशिएशन होगा और उनकी डिमांड पर हमदर्दी के साथ गौर होगा, लेकिन वहां कोई नहीं था, तो सही स्थिति क्या है?

मैं यह कहना चाहता हूं कि वे मजदूर, जिनकी वर्षों से कुछ डिमांड है, जिनको पेट भर रोटी नहीं मिलती, जिनके बच्चे तालीम हासिल नहीं कर सकते, जिनकी गुरबत की कोई इंतिहा नहीं, जब वे कुछ डिमांड लेकर के आते हैं, इसमें डिमांड्स मौजूद हैं, हमारे बहुत सारे मेम्बरान ने उसकी तरफ इशारा भी किया है, मुझे नहीं लगता कि यह कोई ऐसी बहुत बड़ी डिमांड्स थी, जिनको पूरा नहीं किया जा सकता था। यह 9 डिमांड्स हैं और दसवीं डिमांड शंकर नियोगी के कातिलों को पकड़ने से ताल्लुक रखती है। मुझे लगता है कि यह लोग नौ डिमांड्स को पूरा कर सकते थे, बल्कि हमारे एक मेंबर ने यह भी कहा कि उनकी आठ डिमांड्स तो तकरीबन मान ली गयीं, लेकिन यह दसवीं डिमांड उनके बस की बात नहीं थी। वह नहीं चाहते थे कि जिस आदमी को सम्मानित किया जा रहा है, जो असल मर्डरर है, जोगी साहब मध्य प्रदेश के रहने वाले हैं और उस इलाके से उनका ताल्लुक है और जब वे बोल रहे थे तो मैं उनके जजबात सुन रहा था। उससे अहसास हो रहा था कि यकीनन एक पूंजीपति ने एक मजदूर लीडर को मरवाया और मरवाने के बाद वह आजाद घूम रहा है। मैं तो एक मिनट यह मानकर चलता हूं कि प्रोवोकेशन होगा, जब किसी आंदोलन को चलाने वाले और गरीबों व बेकसूरों के साथ खड़े होने वाले लीडर को इतनी बेदर्दी के साथ कत्ल किया जायेगा तो आप यह कैसे उम्मीद रख सकते हैं कि लोगों के जजबात नहीं भड़केंगे, वह रेल की पटरियों पर नहीं बैठेंगे, वह आंदोलन नहीं चलायेंगे? यहां तक कि फिर उनकी सुनने को कोई तैयार नहीं है। जिस दरवाजे पर वह जाते हैं वह दरवाजा बंद हो जाता है। चाहे वह सियासी दरवाजा हो, चाहे पूंजीपति का दरवाजा हो, चाहे उसके अपने कारखाने का दरवाजा हो। वह जहां जाता है उसको मायूसी ही हाथ लगती है। उसके बाद भी मुझे अफसोस है कि यह जो बयान आया है इसमें बहुत ही ढिठाई के साथ स्टेट गवर्नमेंट ने यह साबित करने की कोशिश की है कि उसका कोई कसूर नहीं है। मैं समझता हूं कि इसका कोई जवाब नहीं है, स्टेट गवर्नमेंट को कबूल कर लेना चाहिए कि उससे गलती हुई और गरीब व बेगुनाह मजदूर मारे गये।

जब जो वाकया हो गया उस पर हम लोग क्या कहें। वे वापिस तो आ

नहीं सकते हैं। लेकिन जो मरने वालों की तादाद है इसको सही तौर से चैक करने की जरूरत है। बहुत से लोगों ने 60-70 भी कहा है। मंत्री जी के बयान में मरने वालों की संख्या 15 है। मुक्ति मोर्चे की तरफ से जो आया है उसमें 17 हैं। कल हमने बोम्मई साहब से बातें की। उन्होंने हमको बताया कि कुछ लोगों ने उन्हें 16 बताया है। कुछ लोगों ने 18 भी कहा है कि बाद में मारे गये। लेकिन यह नहीं बताया गया कि जो इन्जर्ड हैं वह कैसे इन्जर्ड हैं। हमारी जानकारी के मुताबिक 36 लोग गोलियों से इन्जर्ड हुए हैं। यह लोग भी मारे जा सकते थे। शर्मनाक बात यह है कि गरीब आदमी को मरने के बाद भी गरीबी की तरह ही ट्रीट किया जाता है। उसके खून का दाम भी कम लगाया जाता है। मोतरम, मुझे याद है कि एक बार बिहार के इलाके में फसाद हुआ। फसाद होने के बाद एलान किया गया कि 10-10 हजार रुपया दिया जायेगा। उसके बाद ऐसे हालात पैदा हुए कि पूरे मुल्क में उससे एक फिजा बन गई और बहुत ज्यादा ब्रिटिशिज्म होने लगा, कम्पन्शेसन अचानक बढ़ाकर एक लाख कर दिया गया और उसकी बहुत पब्लिशिटी की गयी। मैं सिर्फ मिसाल के तौर पर कह रहा हूं कि हमारे मुल्क में गरीब आदमी के खून की कीमत भी वक्त के हिसाब से लगती है। इलेक्शन अगर हों तो मरने वाले का खून बीस हजार में बिकता है और फिर एक लाख में बिकने लगता है और अगर इलेक्शन न हों तो दस हजार देने में भी दम निकलता है लोगों का। दिल्ली में जो अभी दंगा हुआ और पांच लोग उसके अंदर मारे गये, मैं आपकी जानकारी के लिए अर्ज कर रहा हूं कि यह मरकजी हुकूमत के बिल्कुल जेरे इंतजाम अभी तक उन गरीब लोगों को जो बेगुनाह मारे गये, जवान बच्चे की गर्दन काट दी गयी, उनको कम्पन्शेसन दिल्ली एडमिनिस्ट्रेशन ने नहीं दिया। कितने लोग डिमांड करलें पर कुछ होता नहीं है। इसमें भी वही हुआ कि बड़े शानोशौकत के साथ यह एलान किया गया कि मरने वालों को तुरन्त दो-दो हजार रुपया दे दिया गया। दो हजार रुपये में बहुत सारे लोग जूता पहनते हैं आजकल।

